खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 37° C
न्यूनतम : 24° C

मेरठ, शनिवार 23 मई 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 351 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 5 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बिजली संकट से निजात दिलाने के उचित कदम उठाए सरकार: मायावती** पेज 2



**सीएसके के कप्तान गायकवाड़ पर लगा 24 लाख का जुर्माना** खेल टाइम्स



**काला सोना या देश का हरा भविष्य?** सम्पादकीय



**होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों से फीस वसूलेगा ईरान** पेज 12

## चंद्रयान-3 का दुनिया में बजा डंका, मिला अमेरिकी प्रतिष्ठित सम्मान

**वाशिंगटन, वार्ता**

**भारत के** ऐतिहासिक चंद्र मिशन चंद्रयान को एक और बड़ी अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल हुई है। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (एआईएए) ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित 'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवार्ड' से सम्मानित किया है।

यह सम्मान 21 मई को वाशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया गया। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 ने इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी। भारत ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव वैज्ञानिक और रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस क्षेत्र की सतह पर इससे पहले कोई मिशन नहीं पहुंच पाया था। मिशन ने भविष्य के मानव चंद्र अभियानों के लिए अहम वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध कराए। साथ ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र की मिट्टी में कई महत्वपूर्ण रासायनिक तत्वों की मौजूदगी की पुष्टि की।



■ **अमेरिका ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के अंतरिक्ष विज्ञान के सर्वोच्च प्रतिष्ठित गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड से सम्मानित किया**

वैज्ञानिकों का मानना है कि ये संसाधन भविष्य में चंद्रमा की सतह पर निर्माण और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। यह पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने एआईएए एएससीइएनडी 2026 सम्मेलन में स्वीकार किया। अपने संबोधन में विनय क्वात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पेस विजन 2047 का जिक्र किया। उन्होंने भारत की गहरे अंतरिक्ष में खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और तेजी से बढ़ते कमर्शियल स्पेस सेक्टर के रोडमैप को रेखांकित किया।

### आईटीबीपी महिला दल ने एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर कीर्तिमान बनाया

**नई दिल्ली।** आईटीबीपी के महिला दल ने पहली बार एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया है। यह दल 19 अप्रैल को आईटीबीपी के दिल्ली स्थित मुख्यालय से रवाना हुआ था। इसमें 11 महिला पर्वतारोहियों सहित कुल 14 महिला सदस्य सम्मिलित थे। भारत एवं नेपाल में चरणबद्ध प्रशिक्षण के बाद सभी 11 महिला पर्वतारोहियों ने नेपाल की ओर से 'साउथ कोल रूट' से सफलतापूर्वक एवरेस्ट शिखर की चोटी पर चढ़ाई की। दल ने 21 मई की रात 12:52 मिनट पर चोटी पर भारतीय ध्वज फहराया।

## एवरेस्ट से उतरते समय दो भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले 2 भारतीय पर्वतारोहियों की उतरते समय मौत हो गई। यह जानकारी शुक्रवार को नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने दी।

उन्होंने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही एवरेस्ट से उतरते समय बुरी तरह थक गए थे। इससे उनकी सांसें फूल गई थीं। भंडारी ने बताया कि आरे ने बुधवार को, जबकि अरुण तिवारी ने गुरुवार को शाम करीब 5:30 बजे एवरेस्ट को फतह किया था। अरुण तिवारी की मौत हिलेरी

■ **ज्यादा थकान से सांसें फूल गई थीं**

स्टेप के पास हुई। वहीं, संदीप अरे को शेरपा रेस्क्यू टीम कैंप-2 तक ले आई थी। कैंप पहुंचने के कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। बुधवार को संदीप रे समेत तीन भारतीय पर्वतरोही 8 हजार 848 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। इसमें अन्य दो पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी और अजय पाल सिंह धालीवाल हैं। अगले दिन, गुरुवार को भारत के अरुण तिवारी और लक्ष्मीकांत मंडल चोटी पर पहुंचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के केंद्रीय कार्यालयों में ईद-उल-अज़हा की छुट्टी अब 28 मई को

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार के कार्यालयों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) की छुट्टी 28 मई को होगी। केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, पहले छुट्टी की घोषणा 27 मई के लिए की गई थी, लेकिन अब उसे एक दिन आगे बढ़ा कर 28 मई को कर दिया गया है। गौरतलब है कि ईद-उल-अजहा मुसलमानों का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे इस्लामी महीने जिलहिज्जा की 10वीं तारीख को मनाया जाता है।

### राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को होंगे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। इन सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल आगामी जून और जुलाई माह में पूरा हो रहा है। इनमें आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक से चार-चार सीटें, मध्य प्रदेश, राजस्थान से तीन-तीन, झारखंड से दो तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम से एक-एक सीट के लिए चुनाव कराया जाना है। चुनाव आयोग की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना पहली जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 8 जून तक भरे जा सकेंगे और उनकी जांच 9 जून को की जाएगी। नाम वापसी की तिथि 11 जून रखी गई है।

### महाराष्ट्र- तमिलनाडु से 2 रास सीटों के लिए उपचुनाव 18 को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु से राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए उप चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। ये दोनों रिक्तियां क्रमश: श्रीमती सुनेत्रा अजीत पवार और श्री सी वी षणमुगम के त्यागपत्र से उत्पन्न हुई हैं। महाराष्ट्र से निर्वाचित श्रीमती सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा की सदस्यता से 6 मई को और श्री षणमुगम ने 7 मई को इस्तीफा दिया था इनका कार्यकाल क्रमश: 4 जुलाई 2028 और 29 जून 2028 को समाप्त होना था। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार इन दोनों राज्यों से रिक्त सीटों के उपचुनाव के लिए अधिसूचना 1 जून को जारी की जाएगी।

# माता-पिता IAS, तो बच्चों को आरक्षण क्यों: सुप्रीम कोर्ट

### सरकारी नौकरी में क्रीमी लेयर के कैंडिडेट के आरक्षण लेने पर कोर्ट ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सरकारी नौकरी में क्रीमी लेयर के कैंडिडेट के आरक्षण लेने पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि अगर माता-पिता दोनों आईएएस अफसर हैं, तो उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिलना चाहिए। शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। ऐसे में अगर संपन्न बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने ये कमेंट तब किया। जब वे कर्नाटक हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिकाकर्ता को क्रीमी लेयर के आधार पर आरक्षण के दायरे से बाहर रखा गया था। क्योंकि उसके माता-पिता दोनों ही राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। यह मामला कर्नाटक में 'कुरुबा' समुदाय से जुड़े एक उम्मीदवार का है। कर्नाटक के पिछड़े वर्गों की सूची में इस समुदाय को श्रेणी 2(ए) के तहत रखा गया है। उम्मीदवार यानी याचिकाकर्ता का कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सहायक इंजीनियर के पद पर सिलेक्शन हुआ था। उसकी आरक्षित कोटे के तहत नियुक्ति की गई थी। हालांकि, जिला जाति और आय सत्यापन समिति ने उम्मीदवार को जाति प्रमाण पत्र देने से इन्कार कर दिया और कहा कि वह क्रीमी लेयर के दायरे में आता है। उम्मीदवार के परिवार की सालाना आमदनी लगभग 19.48 लाख आंकी गई थी। अधिकारियों ने पाया कि उसके माता-पिता दोनों ही सरकारी कर्मचारी हैं और उनकी कुल आमदनी, 'क्रीमी लेयर' के लिए तय की गई सीमा से ज्यादा है। नियमों के अनुसार ओबीसी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' की मौजूदा आय सीमा सालाना 8 लाख रुपये हैं।



**सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए आरक्षण ठीक**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिन परिवारों ने सामाजिक और आर्थिक रूप से तरक्की कर ली है, उन्हें भी आरक्षण के फायदे मिलते जा रहे हैं। उच्च शिक्षा और बेहतर आर्थिक स्थिति के साथ-साथ सामाजिक रुतबे में भी सुधार आता है। सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए आरक्षण ठीक, लेकिन सबको नहीं। इसमें कुछ संतुलन चाहिए।

**कहा: अगर संपन्न बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे**

# दुनिया की 22 सबसे हॉट सिटी सभी भारत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **यूपी के 13 शहर इनमें शामिल, 35 शहरों में रात में भी गर्म हवाएं चलीं, कई राज्य में स्कूलों के टाइम बदले गए, बांदा फिर टॉप पर**

**नई दिल्ली।** देश को अगले 3 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। यह सभी शहर भारत के हैं। इनमें 13 शहर उत्तर प्रदेश के हैं।

ओडिशा का बोलांगीर और बिहार का सासाराम सबसे ज्यादा गर्म रहा। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक देश के 35 शहरों में गुरुवार को रात का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। बिहार के पटना और गयाजी में गर्मी के कारण 22 से 26 मई तक 5वीं तक के स्कूल बंद किए गए हैं। मधेपुरा और सहरसा में गुरुवार को बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। पंजाब सरकार ने सरकारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। अब दफ्तर और स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे बंद होंगे। 23 मई को राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी।



छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी। असम, मेघालय, केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है। 24 मई को बिहार, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना में हीटवेव की स्थिति बनी रह सकती है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में गर्म और उमसभरा मौसम बना रह सकता -शेष पृष्ठ दो पर

## नीट पेपर लीक: पुणे की फिजिक्स टीचर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को 11वां आरोपी गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मनीषा संजय हवलदार के रूप में हुई है।

वे पुणे के सेठ हीरालाल सराफ प्रशाला कॉलेज में टीचर हैं। मनीषा नीट परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं। एनटीए ने उन्हें एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था। मनीषा की फिजिक्स के क्वेश्चन पेपर तक पहुंच थी। अप्रैल 2026 में उन्होंने फिजिक्स से संबंधित कुछ सवाल अन्य आरोपी मनीषा मंधारे के साथ शेयर किए थे। मनीषा को 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। अब तक, इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहल्यानगर से कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका था।

■ **एनटीए ने एक्सपर्ट के तौर पर किया था शामिल**

## शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दें: अभिजीत

**नई दिल्ली -ब्यूरो।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सोशल मीडिया पेज बनाने के 7 दिन बाद पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए। इसमें उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। वहीं सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 21 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं।

दीपके ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि आज हम एक पिटीशन शुरू करने जा रहे हैं। जिसमें शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग की है। आप सब लोग ज्यादा से ज्यादा इस पिटीशन पर साइन कीजिए, ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सके। उधर कॉकरोच जनता पार्टी पेज के इंस्टाग्राम पर अचानक लोकप्रिय होने से उसके फाउंडर अभिजीत दीपके के माता-पिता बहुत ज्यादा परेशान हो गए हैं। उन्हें डर है कि उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ सकता है। उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। अभिजीत के पेरेंट्स भगवान और अनीता दीपके महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में रहते हैं। दोनों ने गुरुवार को एक मराठी न्यूज चैनल को बताया कि हम अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते -शेष पृष्ठ दो पर




■ **कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर के माता-पिता बोले- दो रातों से नहीं सोए, डर है बेटा गिरफ्तार न हो जाए**

## उमर खालिद-शरजील को SC से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने संकेत दिया कि आदेश शुक्रवार के दौरान या फिर 25 मई को सुनाया जा सकता है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने साफ कहा कि दोनों आरोपियों को जमानत से इन्कार इसलिए नहीं किया गया, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 21 को कम महत्व दिया गया, बल्कि उनके कथित रोल और मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया था। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि वह हालिया फैसलों में की गई टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहती। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में कानूनी पहलुओं को व्यापक स्तर पर देखने की जरूरत है। कोर्ट की इस टिप्पणी को यूएपीए मामलों में बेल को लेकर भविष्य की सुनवाई के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अदालत ने एक अहम कानूनी सवाल को बड़ी बेंच के पास भेज दिया है। यह सवाल इस बात से जुड़ा है कि क्या लंबे समय तक जेल में रहना और ट्रायल में देरी, यूएपीए जैसे सख्त कानूनों के तहत जमानत पर लगी कानूनी पाबंदियों को पीछे छोड़ सकती है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत और अधिकारिक फैसला जरूरी है। अदालत ने मामले को भारत के सीजेआई सूर्यकांत के पास भेजते हुए उचित बड़ी बेंच गठित करने का निर्देश दिया।

■ **UAPA में जमानत पर बड़ी बेंच करेगी सुनवाई**

### दिल्ली HC से उमर खालिद को तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली दंगा साजिश मामले में आरोपी उमर खालिद को 3 दिन की अंतरिम जमानत दी। जमानत एक जून सुबह 7 बजे से 3 जून शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। खालिद को इसके लिए एक लाख रुपये का निजी मुचलका भरना होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि उमर को पहले भी पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अंतरिम जमानत मिल चुकी है।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के लेखकों को हटाने का आदेश वापस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी बुक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर पर हुए विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने पहले दिया फैसला बदल दिया है।

11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि जिन तीन शिक्षाविदों ने विवादित हिस्सा लिखा। उन्हें हटा दिया जाए और दोबारा काम न दिया जाए। अब शुक्रवार को तीनों शिक्षाविदों की याचिका पर कोर्ट ने आदेश बदलते हुए कहा कि केंद्र, राज्य, यूनिवर्सिटी और सरकारी फंड पाने वाले संस्थान इस मामले में खुद फैसला लें। मामले में जिन 3 शिक्षाविदों का नाम आया था। उनमें प्रोफेसर मिशेल डैनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार शामिल हैं। पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इन लोगों ने जानबूझकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और छात्रों के सामने न्यायपालिका की नकारात्मक छवि दिखाई। अब कोर्ट ने यह टिप्पणी वापस ले ली है। एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी: इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडिशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। जज आचार संहिता से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है, बल्कि कोर्च के बाहर उनके आचरण को भी तय करती है। किताब के एक सेक्शन का टाइटल इंसाफ में देरी इंसाफ न मिलने जैसा है। यहां सुप्रीम कोर्ट में 81 हजार, हाईकोर्ट्स में 62 लाख 40 हजार, डिस्ट्रिक्ट और सबऑर्डिनेट कोर्ट के 4 करोड़ 70 लाख पेंडिंग केस की संख्या भी बताई गई है। 24 फरवरी को चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया।



■ **एनसीईआरटी मामले में सुप्रीम कोर्ट बोला- कंटेंट पर सवाल, व्यक्ति पर नहीं, लिखने वालों पर सरकार फैसला करे**

## संक्षिप्त समाचार

### नया बिजलीघर बनाना सरकार के वश में नहीं: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि बिजली के नए संयंत्र लगाना सरकार के वश की बात नहीं है। यादव ने एक्स पर लिखा कि बिजली के नए प्लांट लगाना तो आपके बस में था नहीं, न ही आपकी तंग सोच में। मुंह से ये कह ही देते '3 गुना 660 सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट' तो गर्मी में झुलसते प्रदेशवासियों को सुनकर ही थोड़ी राहत मिल जाती। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुराज में उप्र में बिजली की सिर्फ 'मांग' बढ़ रही है या 'दाम' बढ़ रहे हैं, सप्लाई-आपूर्ति नहीं। भाजपा राज, यूपी खस्ताहाल। उन्होंने अपने संदेश के साथ स्मार्ट नगर, लखनऊ, राजधानी, उत्तर प्रदेश शब्द भी जोड़े। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और कई जिलों से बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही हैं।

### गंगा में स्नान करते समय बीयर पीने का वीडियो वायरल

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में गंगा में नाव पर बिरयानी पार्टी के बाद स्नान करते समय एक युवक द्वारा बीयर पीने का मामला सुर्खियों में है। शुक्रवार को 'द बनारस बार एसोसिएशन' के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के काशी क्षेत्र के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी ने दशाश्वमेध पुलिस को लिखित शिकायत कर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। त्रिपाठी ने बताया कि सुबह सोशल मीडिया अकाउंट देख रहे थे, तभी एक वीडियो उनके सामने आया जिसमें एक युवक गंगा में स्नान करते हुए बीयर पी रहा है।

# 19 लोगों को गन लाइसेंस किस आधार पर दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में बढ़ते गन कल्चर और हथियार लाइसेंस के दुरुपयोग पर बेहद सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करता है और इससे कानून का राज कमजोर होता है। योगी सरकार सभी जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नरों और एसएसपी से इस मामले में जवाब मांगा गया है। कोर्ट ने पूछा कि आखिर ऐसे लोगों को लाइसेंस किस आधार पर दिए गए?

इलाहाबाद हाई कोर्ट में जय शंकर उर्फ बैरिस्टर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रदेश में हथियार लाइसेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में आर्म्स एक्ट और उससे जुड़े नियमों का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। अदालत ने माना कि हथियार लाइसेंस जारी करने, नवीनीकरण और ट्रांसफर की प्रक्रिया में भारी



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने योगी सरकार से मांगा जवाब

लापरवाही बरती जा रही है। इस दौरान हाई कोर्ट के सामने राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। प्रदेश में अब तक 10 लाख 8 हजार 953 हथियार लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, साथ ही 23 हजार 407 आवेदन अभी भी लंबित हैं। एक हजार 738 अपीलें कमिश्नरों के पास लंबित हैं। 6 हजार 62 ऐसे लोगों को लाइसेंस दिए गए हैं, जिन पर दो या उससे ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि आखिर ऐसे लोगों को हथियार लाइसेंस किस आधार पर दिए गए? हाईकोर्ट ने कहा कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन समाज में डर और असुरक्षा का माहौल पैदा करता है। अदालत ने साफ कहा कि आत्मरक्षा के नाम पर 'गन कल्चर' को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। कोर्ट के मुताबिक हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ता है और कानून व्यवस्था पर गलत असर डालता है। जिन लोगों की डिटेल मांगी गई हैं, वो हैं रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया), धनंजय सिंह, सुशील सिंह, बृजभूषण शरण सिंह, विनीत सिंह, अजय मरहद, सुजीत सिंह बेलवा, उपेंद्र सिंह गुड्डू, पप्पू भौकाली, इंद्रदेव सिंह, सुनील यादव, फरार अजीम, बादशाह सिंह, संग्राम सिंह, सुल्लू सिंह, चुलबुल सिंह, सनी सिंह, छुन्नू सिंह और डा. उदय भान सिंह।

### अगली सुनवाई 26 मई को होगी, सरकार देगी जवाब

अब सबकी नजर 26 मई को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी है, जहां सरकार और पुलिस प्रशासन को विस्तृत जवाब देना होगा।

# पूर्वी यूपी में गर्मी लेगी और विकराल रूप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और तीव्र ताप लहर का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाके में अगले 48 घंटे के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोत्तरी होने के आसार है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को भी उष्ण लहर से लेकर भीषण उष्ण लहर चलने की संभावना है। अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। विभाग द्वारा जारी उष्ण लहर बुलेटिन के अनुसार बीते 24 घंटों में प्रयागराज, सुल्तानपुर और गाजीपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर नगर, वाराणसी, बहराइच, बांदा, मुजफ्फरनगर और मेरठ समेत कई



■ अगले 48 घंटे के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोतरी होने के आसार

जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर रहा। बीते दिन वाराणसी (बीएचयू), प्रयागराज, बांदा, सुल्तानपुर, गाजीपुर, उरई, हमीरपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ में लू और भीषण लू की स्थिति दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, संत रविदास नगर और जौनपुर जिलों में भीषण लू चलने की आशंका है। वहीं सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, झांसी और ललितपुर समेत कई जिलों में अत्यधिक गर्म हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने आगरा, बहराइच और गोरखपुर में हीट इंडेक्स 50 से 60 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना जताई है, जबकि मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मिर्जापुर और रायबरेली समेत कई जिलों में यह 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे तक धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। विभाग ने मजदूरों, बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को विशेष सावधानी बरतने को कहा है।

# बिजली संकट से निजात दिलाने में कदम उठाए सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार को बिजली संकट से आमजन को निजात दिलाने के त्वरित उपाय करने चाहिए।

सुश्री मायावती ने एक्स पर जारी संदेश में कहा कि बिजली संकट से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदाई बन गया है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों व उसको लेकर विशेषकर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारियों व अन्य करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन



■ बसपा प्रमुख मायावती ने की मांग

अति-कष्टदाई बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं, जिसकी चर्चा समाचार माध्यमों में भी काफी व निरन्तर रहती है। सरकार से अपील है कि वह बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जरूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे। साथ ही नए बिजलीघर आदि के माध्यम से भी आगे के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।

## पहले उत्तर प्रदेश की पहचान गुंडाराज और माफिया राज से होती थी: सीएम योगी

# विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा यूपी

**देवरिया, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान 'एक जिला एक उत्पाद', सुशासन, कानून के राज और तेजी से विकसित हो रहे राज्य के रूप में बन रही है, जबकि पहले प्रदेश की पहचान गुंडाराज और माफियाराज से होती थी।

योगी शुक्रवार को देवरिया शहर से सटे पोखरभिडा गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 655 करोड़ 45 लाख रूपए लागत की 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि देवरिया की जनता ने भाजपा को जिले की सातों विधानसभा सीटों पर विजय दिलाई



■ देवरिया के पोखरभिड़ा गांव में आयोजित जनसभा में बोले सीएम योगी राज्य में अब कानून व्यव्यथा बेहतर

थी और सरकार ने भी जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित विकास योजनाओं को स्वीकृति देकर विकास कार्यों को गति देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले समाजवादी पार्टी शासनकाल में प्रदेश की पहचान 'एक जिला, एक गुंडा और माफिया' के रूप में होती थी, लेकिन आज उत्तर प्रदेश 'एक जिला, एक प्रोडक्ट', सुशासन और कानून व्यवस्था के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के एक वोट की ताकत से अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बना, जबकि मथुरा, काशी, विध्यवासिनी धाम और वृंदावन जैसे धार्मिक स्थल अपनी सांस्कृतिक विरासत और पहचान के साथ विकसित हो रहे हैं। योगी ने कहा कि आज प्रदेश में महिलाएं, बेटियां और व्यापारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों के लिए अगले चौराहे पर यमराज इंतजार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद उत्तर प्रदेश की छवि में व्यापक बदलाव आया है। अपराध, भ्रष्टाचार और अराजकता से बाहर निकलकर प्रदेश ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है।

### सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75415.35 | सोना | 159490 प्रति 10 ग्राम |
| निफ्टी | 23719.30 | चांदी | 285000 प्रति किलो |

# निजी क्षेत्र के बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के शेयरों को निवेशकों का समर्थन

**मुंबई, वार्ता**

निजी क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों को निवेशकों के समर्थन तथा इंजीनियरिंग और अवसंरचना क्षेत्र से जुड़ी कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों में लिवाली निकलने से स्थानीय शेयर बाजारों के प्रमुख शेयर सूचकांक शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। शुरुआती कारोबार में रुपये की विनिमय दर में सुधार के संकेतों से भी बाजार को समर्थन मिला।

बंबई बाजार का सेंसेक्स 231.99 अंक या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 75,415.35 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 64.60 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,719.30 पर बंद हुआ। संसेक्स सुबह 75,260.39 पर खुलने के बाद ऊपर में 75,810.97 और नीचे में 75,230.75 अंक तक गया था। कल बाजार 75,183.36 पर बंद हुआ था। इसी तरह निफ्टी 50 सुबह 23,671.20 पर खुल कर ऊपर में 23,835.65 और नीचे में 23,671 तक गया था। बीएसई में आज साप्ताहिक कारोबार के आखिरी दिन 15 शेयर



लाभ में और 15 हानि में रहे। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में ट्रेन्ट 3.01 प्रतिशत, एक्सिस 2.52 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.77 प्रतिशत, एशियन पेंट 1.56 प्रतिशत और हिंदुस्तान लीवर 1.06 प्रतिशत लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्रासीमेंट, बजाज फिनसर्व, इंडिगो ओर रिलायंस भी लाभ में रहे। सनफार्मा, आईटीसी, पावरग्रिड, भेल, भारती एयरटेल और इन्फोसिस जैसे कई प्रमुख शेयरों में 2.43 प्रतिशत से 0.61 प्रतिशत तक की गिरावट रही। संसेक्स में शामिल सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अन्य कंपनियों के शेयर भी गिरावट में बंद हुए। पूरे दिन कारोबार के दौरान बाजार में उतार.चढ़ाव बना रहा।

### सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर सोना करीब 700 रुपये सस्ता हुआ है, जबकि चांदी की कीमत में 1,600 रुपये की गिरावट आई है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमत बढ़ी है और साथ ही डॉलर इंडेक्स भी मजबूत हुआ है। इससे फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इसका असर सोने और चांदी की कीमत पर देखने को मिल रहा है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 440 रुपये की गिरावट के साथ 1,59,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 1,46,200 रुपये पर आ गया। 18 कैरेट वाले सोने की कीमत 330 रुपये गिरकर 1,19,620 रुपये रह गई। चांदी 2,85,000 रुपये प्रति किलो के भाव पर ट्रेड कर रही है। बीते सत्र में बाजार बंद होने तक राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 5,000 रुपये उछली।

# भारत-साइप्रस में हुए छह समझौते

## रक्षा, साइबर सुरक्षा आदि शामिल, आठ घोषणाएं भी की

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत और साइप्रस ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ रक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, साइबर सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और समुद्री सहयोग समेत छह क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किये और संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में आठ घोषणाएं भी की।

भारत की तीन दिन की यात्रा पर आये साइप्रस के राष्ट्रपति महामहिम निकोस क्रिस्टोडूलाइड्स के साथ शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की द्विवपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच जिन छह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए उनमें आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह की स्थापना, वर्ष 2026-2031 के लिए रक्षा सहयोग रोडमैप, साइप्रस के अनुसंधान, नवाचार और डिजिटल नीति उप मंत्रालय तथा भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच नवाचार और प्रौद्योगिकी सहयोग संबंधी समझौता शामिल है। भारत और साइप्रस ने साइबर सुरक्षा संवाद और कांसुलर संवाद शुरू करने पर भी सहमति जताई, जबकि साइप्रस के लारनाका संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र और भारत के रक्षा मंत्रालय के बीच खोज एवं बचाव सहयोग को लेकर तकनीकी व्यवस्था पर भी हस्ताक्षर किये गये। यात्रा के दौरान कूटनीतिक प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान, तथा वर्ष 2026-2030 के लिए सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े समझौते भी किए गए। एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक कदम के तहत साइप्रस ने व्यापार, संपर्क और समुद्री परिवहन स्तंभ के अंतर्गत भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की। भारत ने साइप्रस को ष्भारत स्वास्थ्य पहल सहयोग, हित एवं मैत्री (भीष्म) क्यूब उपहार स्वरूप देने की घोषणा की। दोनों देशों ने 18 मई को पहली बार ष्भारत-साइप्रस अंतरिक्ष दिवसष मनाकर अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ते सहयोग को भी रेखांकित किया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दुनिया की...** है। केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और झारखंड में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज समेत 10 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य का बांदा गुरुवार को लगातार 5वें दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। इसके अलावा प्रयागराज में 46.6 डिग्री सेल्सियस, वाराणसी में 45.6 डिग्री सेल्सियस, हमीरपुर और सुल्तानपुर में 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। हरियाणा में गर्म रात का 38 साल का रिकॉर्ड टूटा। गुरुवार का भिवानी में रात का तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो साल 1988 में 34.8 डिग्री सेल्सियस रहा था। इसके अलावा राज्य का सिरसा सबसे गर्म शहर रहा, यहां अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड: 6 जिलों में हीटवेव का अलर्ट, मसूरी समेत हिल स्टेशनों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस पार, नैनीताल में स्कूलों का समय बदला उत्तराखंड के 6 जिलों में आज हीटवेव और 5 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मसूरी, नैनीताल और लैंसडाउन जैसे हिल स्टेशनों में भी अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ज्यादा पहुंच रहा। शुक्रवार को नैनीताल में स्कूलों का समय बदला गया है। पंजाब सरकार ने गर्मी की वजह से सरकारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। अब दफ्तर और स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे बंद होंगे। स्कूलों के आदेश सभी क्लासेज के लिए होंगे। यह आदेश सोमवार यानी 25 मई से लागू होंगे। सीएम भगवंत मान ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए ये फैसला लिया है।

**शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र...** थे। अभिजीत के इस कदम के बारे में सुनकर हमारी रातों की नींद उड़ गई है। भगवान दीपके ने कहा कि आज का माहौल देखकर डर लगना स्वाभाविक है। चाहे उसके कितने भी फॉलोअर्स क्यों न हों। उसने खुद भी भारत लौटने पर गिफ्तार होने का डर जाहिर किया है। वह मशहूर हो गया है, और ऐसे लोगों को अक्सर गिरफ्तार कर लिया जाता है। पिछली दो रातों से मैं इसी चिंता में सो नहीं पाया हूं कि उसके साथ क्या हो सकता है। अभिजीत की मां ने कहा कि हमें कॉकरोच पार्टी के बारे में अपने एक पड़ोसी से पता चला था। मैं चाहती हूं बेटा राजनीति से दूर रहे। वह 'आप' के साथ काम कर चुका था। उस समय भी मैंने उससे कहा था कि हमारा राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और उसे कोई नौकरी कर लेनी चाहिए।

### विकसित हुई किफायती और उच्च-प्रदर्शन वाली थर्मल बैटरी सामग्री

**नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने ऐसी किफायती तथा उच्च-प्रदर्शन वाली तापीय ऊर्जा भंडारण सामग्री विकसित की है जो केंद्रित सौर ऊर्जा (सीएसपी) संयंत्रों और औद्योगिक अपशिष्ट ऊष्मा पुनर्प्राप्ति प्रणालियों में उपयोग होने वाली थर्मल बैटरियों की क्षमता को काफी बढ़ा सकती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आज बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के स्वायत्त संस्थान इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मैटेरियल्स (एआरसीआई) के शोधकर्ताओं ने थर्मल ऊर्जा भंडारण अनुप्रयोगों के लिए स्पिनेल नैनो कम्पोजिट फेज चेंज मटेरियल (पीसीएम) विकसित करने की एक लागत प्रभावी और बड़े पैमाने पर अपनाई जा सकने वाली प्रक्रिया तैयार की है। उन्होंने कहा कि शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि फेज चेंज मटेरियल में केवल एक प्रतिशत स्पिनेल ऑक्साइड नैनोकण मिलाने से उसकी विशिष्ट ताप क्षमता में करीब 45 प्रतिशत तक वृद्धि हो गई। विशिष्ट ताप क्षमता किसी पदार्थ की ऊष्मीय ऊर्जा संग्रहित करने की क्षमता को दर्शाती है। नैनोकणों के बेहतर फैलाव से सामग्री की सतह ऊर्जा बढ़ती है।

# नीट पेपर लीक की जिम्मेदारी लें मोदी व प्रधान

## परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार ने संसदीय समिति के समक्ष गलत बयान दिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार ने संसदीय समिति के समक्ष गलत बयान दिया है और 2024 के पेपर लीक की सच्चाई छिपाने का प्रयास किया है, जिससे लाखों छात्रों का नुकसान हुआ है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि मोदी सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षा धांधलियों और पेपर लीक मामलों की सच्चाई दबाने का काम कर रही है तथा नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक मामले को नकारने की कोशिश की जाती रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही मोदी सरकार और उसका तंत्र पेपर लीक माफिया के साथ मिलीभगत कर एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताओं और धांधली की सच्चाई



दबाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार एनटीए के महानिदेशक ने एक संसदीय समिति के समक्ष दावा किया है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ था। रमेश ने कहा कि यदि यह दावा सही है, तो यह बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली बेईमानी है, क्योंकि परीक्षा से पहले कथित तौर पर एक 'गेस पेपर' विद्यार्थियों के बीच प्रसारित हो रहा था, जिसमें वास्तविक परीक्षा में आए दर्जनों प्रश्न शामिल थे। उन्होंने सवाल किया कि यदि इसे पेपर लीक नहीं माना जा रहा है, तो फिर इसे क्या कहा जाएगा और सरकार अब इसे नकारने की कोशिश क्यों कर रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार इससे पहले भी नीट-यूजी 2024 में सामने आई व्यापक अनियमितताओं को दबाने की कोशिश कर चुकी है।

### धांधलियों को छिपाने में जुटा है एनटीए: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए जिस राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का गठन किया था, वह परीक्षा धांधलियों तथा अनियमितताओं की सच्चाई छिपाने का काम में जुटी है और अब नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही सरकार और उसका तंत्र परीक्षा माफिया के साथ मिलीभगत कर एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताओं और धांधली की सच्चाई दबाने में लगा हुआ है। उन्होंने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि एनटीए के महानिदेशक ने एक संसदीय समिति के समक्ष दावा किया कि नीट-यूजी 2026 का पेपर लीक नहीं हुआ।

# फिरोजपुर के जंगल से तीन ट्रांसफार्मर चोरी

**दर्जनों ट्यूबवेल बंद होने से किसानों के सामने गहराया सिंचाई का संकट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बीते गुरुवार की रात फिरोजपुर गांव के जंगल में स्थित मोहम्मदपुर और हासिमपुर के किसानों की टूयबवैलो को बिजली सप्लाई देने के लिए हाईटेंशन लाइन पर रखें 3 ट्रांसफार्मरों को अज्ञात चोरों ने कीमती सामान निकाल कर फरार हो गए। जिससे क्षेत्र के दर्जनों किसानों की ट्यूबवैलों पर खेतों की सिंचाई का संकट गहराया गया। हालांकि ट्रांसफार्मर चोरी होने की यह पहली घटना नहीं है इससे पहले भी कई बार इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। शिकायत के बावजूद भी बिजली और पुलिस विभाग इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है जिससे पीड़ित किसानों में दोनों विभागों के प्रति रोष व्याप्त हैं। किसानों का कहना है कि अधिकतर सप्लाई जान बूझकर दिन के समय ही दी जाती है। जिससे चोरों को ट्रांसफार्मर और मोटर चुराने में काफी आसानी होती है।

बताते चले कि बीती गुरुवार की रात्रि मोहम्मदपुर शकिस्त के रहने वाले किसान रतन सिंह, सूरज, प्रदीप कुमार, शौकेंदर सिंह, महेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह, सुधीर कुमार, बिट्टू, कुलदीप, इंद्रपाल आदि दर्जनों किसान अपने खेतों पर शाम के समय सिंचाई करने के लिए गये थे लेकिन बिजली सप्लाई बाधित थी।जिस कारण उन्होंने अपने खेतों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेलों के ऑपरेटर खोल दिये और अपने खेतों में पानी काटने के बाद वापस घर लौट आये। देर शाम किसानों को पता चला कि रात्रि में बिजली सप्लाई रात्रि के 12 बजे आएगी लेकिन जब वह तकरीबन एक बजे खेतों पर पहुंचे तो यह देखकर दंग रह गये कि उनके ट्यूबवैलों को सप्लाई देने वाले ट्रांसफार्मर ही चोरी हो गये। जब किसानों ने ट्रांसफार्मर को ढूंढने का प्रयास किया तो कुछ दूरी पर वह क्षतिग्रस्त पड़े मिले और उनके अंदर का तार और तेल गायब था। 200 मीटर के दायरे में लगभग तीन ट्रांसफार्मर इसी तरह चोरी कर उनका सामान चोर चोरी कर फरार हो गये। घटना की सूचना बिजली विभाग को देने का प्रयास किया गया लेकिन किसी भी कर्मचारी ने फोन उठाना उचित नहीं समझा। परेशान होकर किसान घर वापस लौट गये और सुबह होने पर उन्होंने बिजली विभाग और पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद बिजली विभाग के लाइनमैन और रामराज चौकी इंचार्ज आशीष कुमार मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल पर जाकर जांच की। पीड़ित किसानों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती होने के कारण उनके खेत पहले ही सूखने की कगार पर हैं और अब ट्रांसफार्मर चोरी होने के कारण उनकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाने की संभावना है।



जब इस बारे में बिजली विभाग के जेई विनित कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने घटना की बाबत एक पत्र अपने आलाधिकारियों को भेज दिया है। चोरी हुए ट्रांसफार्मर आने में एक सप्ताह से 15 दिन तक का समय भी लग सकता है। वहीं जब रामराज चौकी प्रभारी आशीष कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया। हालांकि बिजली विभाग की तरफ से उन्हें अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। अज्ञात चोरों को पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम और ग्रीन टैक्स की मार से ट्रांसपोर्टर परेशानः अमित शर्मा

**बैलगाड़ी पर निकले अमित शर्मा की पुलिस से हुई नोकझोक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश में पेट्रोल डीजल के बढ़ते दाम और ग्रीन टैक्स की बढ़ती मार से ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन लगातार 2 दिन से हड़ताल पर है यह हड़ताल तीन दिवसीय है जो 23 मई तक जारी रहेगी। हड़ताल के दूसरे दिन मेरठ में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के बड़े नेता और मेरठ के बड़े ट्रांसपोर्टर अमित शर्मा ने अपने साथियों के साथ जबरदस्त प्रदर्शन किया वह पेट्रोल डीजल के बढ़ते दाम और ईई टेक्स व एनसीआर में बीएस फोर गाड़ियों के प्रतिबंध के खिलाफ बोलते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार लगातार ट्रांसपोर्ट लाइन को बर्बाद करने में लगी हुई है।

लगातार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। वहीं बी एस-4 गाड़ियों पर प्रतिबंध ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन को पूरी तरह पर बर्बाद कर देगा उन्होंने कहा कि ग्रीन टैक्स के नाम पर पहले खाली गाड़ियों से 800 बाद में 1600 और अब 5000 का टैक्स किया जा रहा है वहीं सीएनजी की गाड़ियों से पहले 100 फिर 500 और आप 5000 तक का टैक्स लगाया जा रहा है जिससे ट्रांसपोर्टेशन का काम करने वाले लोग पूरी तरह बर्बाद हो सकते हैं अमित शर्मा ने कहा कि जिस तरीके से ट्रांसपोर्टर पर एक के बाद एक टैक्स लगाया जा रहा है उससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी बहुत भारी नुकसान हो सकता है अमित शर्मा ने कहा कि ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों की बात भारत सरकार को माननी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के कहने पर ट्रांसपोर्टरों ने सीएनजी से जुड़ी गाड़ियां खरीदी तो अब सरकार 2017 से लेकर 2020 के वाहनों को भी दिल्ली में प्रवेश करने से रोक रही है वहीं अब इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों पर जोर दिया जा रहा है और जो लोग इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियां खरीद रहे हैं उन पर भी टैक्स लगाया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान अमित शर्मा बैलगाड़ी के माध्यम से सड़क पर निकल रहे थे तो वहां पर मौजूद पुलिस ने उन्हें बैलगाड़ी पर चढ़ने नहीं दिया पुलिस ने कहा कि आपको प्रदर्शन करना है तो कर दीजिए लेकिन सड़क पर बैलगाड़ी नहीं चलने देंगे। इसके बाद पुलिस से उनकी काफी नोकझक हुई। अमित शर्मा ने कहा कि जिस तरीके से ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन हड़ताल पर है उससे जनता का ही फायदा है क्योंकि अगर तरह-तरह के टैक्स ट्रांसपोर्टर पर लगेंगे तो यकीनन न सिर्फ भाड़ा महंगा होगा बल्कि हर चीज महंगी हो जाएगी और देश की अर्थव्यवस्था भी कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि वह लगातार सरकार के इस फैसले का विरोध करते हैं क्योंकि ट्रांसपोर्ट ही देश की असली रिड है जो गांव गांव तक खाद्य सामग्री पहुंचा।



अमित शर्मा की पुलिस से होती नोकझोक।

उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार लगातार ट्रांसपोर्ट लाइन पर प्रहार करेगी तो देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बिगड़ जाएगी और देश कमजोर स्थिति में चला जाएगा उन्होंने प्रदर्शन के दौरान कहा कि सरकार को अपने फैसले वापस लेने होंगे। इस दौरान अमित शर्मा पूर्व प्रत्याशी मेरठ कैंट, दीपक गांधी नीरज मुल्तानी, शिवम विनायक, अंकुर प्रजापति, मोनू वर्मा, देवेंद्र कुमार, धीरज, समीर राणा, हिमांशु, धीरज बजाज, सचिन, शोएब राणा, देवेंद्र गिरी, कमलकांत, कृष्णा मसकुर राणा, शिवा, शिव कुमार, बॉबी प्रजापति, जितिन, राकेश, सादाब राणा, अनिल चौधरी, अंबर गोयल, रोहित कपूर, नीरज शर्मा, पिंकू शर्मा, संतोष सिंह, प्रेम सिंह, गगन सिंह, राजेश, पवन गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# मुफ्ती मोहम्मद शाहिद कासमी ने की खुले में कुर्बानी न करने की अपील

## रसूलपुर धौलडी की शाही ईदगाह में सात बजे अदा की जाएगी ईद की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** ईद अल-अजहा के को लेकर सभी उलमाओं ने मुसलमानों से अपील की खुले में कुर्बानी ना करें और अवशेषों को गड्ढे में दबाएं। वहीं जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में शाही जामा मस्जिद के मुफ्ती मोहम्मद शाहिद कासमी ने जुम्मे की नमाज के दौरान बयान फरमाया। उन्होंने कहा कि मुसलमान खुले में कुर्बानी ना करें और चारदीवारी के अंदर ही करें और उनके अवशेषों को गड्ढे में दबाये किसी को तकलीफ ना हो इसलिए मांस को ढक कर ले जाएं। सरकार की गाइडलाइन का पालन करें और कुर्बानी का मांस ज्यादा से ज्यादा गरीबों में बांटे अक्सर देखा जाता है कि कुर्बानी का मांस लोग अपने फ्रिज में रख लेते हैं और उसको रखकर खाते हैं लेकिन शरियत में ऐसा नहीं है। कुर्बानी का मतलब है ज्यादा से ज्यादा गरीबो में तक्सीम करना जिससे अल्लाह ताला तभी खुश होता है। जब कुर्बानी का गोश्त किसी गरीब के घर पहुंचे और उसके बाद एक हिस्सा रिश्तेदारी में और अपने मिलने वालों में पहुंचाएं। अल्लाह ताला ने फरमाया कि अगर इंसान की नियत कुर्बानी में सही है तो अपने बंदे से अल्लाह ताला खुश होता है यह बयान आज मुफ्ती मोहम्मद शाहिद कासमी ने सभी मुसलमान से अपील की कि किसी को परेशानी ना हो इसलिए सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। वहीं उन्होंने कहा कि शाही ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज 7 बजे अदा की जाएगी जिसमें समय से रहते हुए ईदगाह में पहुंचे और इस दौरान पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।



# संदिग्ध परिस्थितियों में कार में मिला मिठाई व्यापारी का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना नौचंदी क्षेत्र के शास्त्री नगर में एक व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में कार में शव मिलने से सनसनी फैल गई। व्यापारी का शव उसी की कार में पिछली सीट पर मिला। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया लेकिन पुलिस को परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। दम घटना मौत की वजह माना जा रहा है। थाना पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। शास्त्रीनगर निवासी हिमांशु कौशिक मिठाई का कारोबार करते हैं। उनकी शास्त्रीनगर में ही दुकान है। रोज की तरह वह अपनी कार से दुकान के लिए निकले लेकिन दुकान पर नहीं पहुंचे। परेशान होकर हिमांशु के परिजन उन्हें ढूंढने निकले। आवास विकास चौराहे के निकट कार खड़ी देख वह हैरान रह गए। पास जाकर देखा तो हिमांशु पिछली सीट पर बेसुध पड़े थे। हिमांशु को बेसुध देख परिजनों ने शोर मचा दिया वहीं आस पास के लोग एकत्र हो गए और कार अंदर से लॉक थी, जिस कारण परिवार ने शीशा तोड़ने का मन बना लिया। शीशा तोड़कर हिमांशु को देखा तो मौत हो चुकी थी। इसके बार परिवार में कोहराम मच गया। कार में शव मिलने की सूचना पाकर सीओ सिविल लाइन शुचिता सिंह मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस को कार के भीतर से शराब की बोतल व अन्य सामान मिला है। आशंका जताई जा रही है कि भीषण गर्मी में हिमांशु ने ड्रिंक की। नशा इतना हो गया कि अंदर ही सो गए। दम घुटने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। एसएचओ अनूप सिंह का कहना है कि शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उसके बाद ही मौत की वास्तविक वजह पता चल सकेगी। परिजनों की तरफ से फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# झोलाछाप पशु चिकित्सक ने गाय को लगाया एक्सपायर्ड इंजेक्शन

**दोनों पैर हुए पैरालाइज्डय पीड़ित ने थाने में दी तहरीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के ग्राम अमरोली उर्फ बड़ा गांव में कथित झोलाछाप पशु चिकित्सक द्वारा गाय को जबरन एक्सपायर्ड गलत इंजेक्शन लगाने के कारण गाय की हालत अत्यंत गंभीर हो गई है। इंजेक्शन लगने के बाद से गाय के दोनों पिछले पैर पूरी तरह पैरालाइज्ड (लकवाग्रस्त) हो चुके हैं। पीड़ित पशुपालक ने आरोपी कथित पशु चिकित्सक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर फलावदा थाने में तहरीर दी है। थाने में दी गई तहरीर के अनुसार अमरोली उर्फ बड़ा गांव निवासी पीड़ित पशुपालक शीशपाल पुत्र गंगा बीशन ने बताया कि पिछले कई वर्षों से उनके पास एक दुधारू गाय है। गाय को गर्भधारण कराने के लिए गांव दादूपुर निवासी कथित पशु चिकित्सक ऋषिपाल को बुलाया था। झोला पशु चिकित्सक ने पीड़ित के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



# केपी इंटरनेशनल स्कूल में पीटीएम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांवडा रोड स्थित केपी इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम सत्र की पीटीएम (पेरेंट्स टीचर मीटिंग) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को बच्चों की शैक्षिक गति. विधियों एवं उनके प्रदर्शन की विस्तार से जानकारी दी गई इस दौरान विद्यालय में आयोजित साइंस एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी भी अभिभावकों के आकर्षण का केंद्र रही प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्टस को देखकर अभिभावकों में उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना की। विद्यालय के डायरेक्टर शशांक भाटी चेयरमैन दीपक भाटी एवं प्रधानाचार्य बबीता भाटी ने विद्यार्थियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही विद्यालय के प्रति अभिभावकों द्वारा दिए जा रहे सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।


## मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित प्रमुख आवासीय योजनाएं

**हनुमत विहार**

**26.643 हेक्टेअर** में फैली यह टाउनशिप **लैंड पूलिंग स्कीम** के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में **26.68 प्रतिशत** विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय **रू. 194.04 करोड** है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से **230 आवंटियों** को किया जा चुका है। एमवीडीए द्वारा इस योजना के तहत व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग और संस्थागत प्लॉटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

**गोविंद विहार**

**26.912 हेक्टेयर** में फैली यह टाउनशिप **लैंड पूलिंग स्कीम** के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में **26.68 प्रतिशत** विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय **रू. 182.23 करोड** है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से **121 आंवटियो** को किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा इस योजना के तहत व्यवसायिक, ग्रुप हाउसिंग एवं संस्थागत प्लाटों के लिए आवेदनप शीघ्र आमंत्रित किए जायेंगे।







**ग्रीनफील्ड टाउनशिप – रहीमपुर फरह**

**93.00 हेक्टेयर** में फैली यह ग्रीनफील्ड टाउनशिप ग्राम रहीमपुर (फरह) में **मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना** के अन्तर्गत विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक **48.9475 हेक्टेयर** भूमि का क्रय किया जा चुका है।

परियोजना की कुल लागत **रू. 665.00 करोड़** है, जिसमें अवस्थापना, विकास एवं आधारभूत सुविधा सम्मिलित है।



**ग्रीनफील्ड टाउनशिप – छाता**

**115.00 हेक्टेयर** में प्रस्तावित यह **टाउनशिप ग्राम छाता** में विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक **64.5573 हेक्टेयर** भूमि का क्रय किया जा चुका है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत **रू. 835.00 करोड** है, जिसमें अवस्थापना विकास एवं आधारभूत सुविधाएं सम्मिलित हैं।

**मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा**
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com
Follow us on

# क्लाइंट और वकील के बीच पैसे के लेन-देन के विवाद के बाद कचहरी परिसर में हंगामा

- वकील का आरोप चेंबर में हमला करने आए थे तीन युवक
- हंगामे के वीडियो सोशल मीडिया पर हुए वायरल



घटना के बाद हंगामा करते अधिवक्तागण।



युवकों को लेकर जाती सिविल लाईन पुलिस।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ की कचहरी परिसर में शुक्रवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक क्लाइंट और वकील के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। वकील का आरोप है कि तीन युवक चेंबर में उस पर हमला करने आए थे इसके बाद वकीलों ने उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया जिससे कचहरी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए दोनों पक्षों को थाने ले गई और पूछताछ शुरू कर दी। घटना से जुड़े कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बताया गया कि कचहरी परिसर में एक वकील और उसके क्लाइंट के बीच जमानत को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि क्लाइंट ने अपने आदमी की बेल कराने के लिए वकील को पैसे दिए थे, लेकिन जमानत न होने पर वह अपने रुपये वापस मांगने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले तीखी कहासुनी हुई और फिर मामला मारपीट तक पहुंच गया।

# मेरठ के उद्योगों को देंगे बढ़ावा: अनिल राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को कंकरखेड़ा खिर्वा रोड स्थित कृष ग्रीन्स यूरा. पीयन स्टेट में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से एक कार्यक्रम व्यापारियों के साथ आयोजित किया गया जिसमें मेरठ शहर के बड़े पैमाने पर उद्योगपतियों ने भाग लिया। बैठक में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल राणा ने उपस्थित मंचासीन व्यापारी गानों को बुके देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि बैंक और औद्योगिक इकाइयां एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। जिस कारण अच्छे परिणाम हमें देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने उपस्थित उद्योगपतियों को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न ऋणी संबंधित जानकारियां जैसे सेंट गृह लक्ष्मी होम लोन, सेंट होम लोन, सेंट गोल्ड लोन तथा वाहन लोन के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की। बैठक के अंत में अनिल राणा जी ने कहा कि बैंक और उद्योग एक दूसरे के सहयोग से ही आगे बढ़ते हैं। जिसमें विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है।




# वेतन मांगने पर कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता, कार्य बहिष्कार से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पिछले छः माह से बिना वेतन कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारियो को बाहर का रास्ता दिखाए जाने से उनके आगे जीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्हें चिकित्सा अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन देकर सेवाएं बहाल कराए जाने की मांग की है।

- कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया ज्ञापन

नगर के स्वास्थ्य केंद्र पर काफी दिनों से तैनात चल रहे कर्मचारियों के सामने उस वक्त रोजी-रोटी के लिए समस्या हो गई जब उन्हें पिछले 6 महीने से वेतन नहीं मिला तथा वेतन मांगने पर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया इस बात से क्षुब्ध होकर कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। नतीजतन अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने लगी। बताया गया है कि उन्हें बहाल करने का आश्वासन दिया जा रहा है। इस संबंध में कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम लिखा एक ज्ञापन स्वास्थ्य अधिका. रियों को दिया है।

# बागपत पुलिस लाइन का डीआईजी कलानिधि नैथानी ने किया वार्षिक निरीक्षण, 7 पुलिसकर्मी पुरस्कृत

- आपात स्थिति से निपटने के दिए सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने बागपत पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसपी बागपत सूरज कुमार राय द्वारा इस वर्ष किए गए प्रयासों की खुलकर सराहना की। निरीक्षण की शुरुआत परेड से हुई, जहां डीआईजी ने टोलीवार ड्रिल कराई। इसके बाद क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, यूपी-112, शस्त्रागार, जीपी स्टोर, डॉग स्क्वाड, फायर सर्विस, मैस और बैरिक का गहन निरीक्षण किया गया।

## मॉक ड्रिल कराया, दिए अहम निर्देश

डीआईजी ने यूपी-112, फील्ड यूनिट और फायर सर्विस की टीमों से फायर सेफ्टी, मॉब कंट्रोल व अज्ञात शव मिलने की सूचना पर रिस्पॉन्स की मॉक ड्रिल कराई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पुलिस वाहनों में उच्च गुणवत्ता के हेलमेट, डंडा, बॉडी प्रोटेक्टर, लाउड हेलर, टॉर्च, रस्सा व बॉडी वॉर्न कैमरे अनिवार्य रूप से रखे जाएं। डीआईजी ने कहा कि रिजर्व कर्मियों को छांटकर शहर में जगह-जगह पिकेट पर तैनात किया जाए ताकि कानून व्यवस्था में मदद मिले। साथ ही कंट्रोल रूम के लैंडलाइन व सीयूजी नंबर सार्वजनिक करने के आदेश दिए।

## 7 पुलिसकर्मी सम्मानित

अच्छी कमांड व उच्चकोटि के टर्न आउट के लिए 7 पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया गया। महिला उपनिरीक्षक शिलेष चौधरी को अच्छी कमांड, आरक्षी सतीश व रोेि. हत यादव को बेहतरीन ड्रिल और आरक्षी जितेन्द्र, पारस शर्मा, महिला आरक्षी कविता व प्रिंसी को उत्कृष्ट टर्न आउट के लिए सम्मानित किया गया। सीओ खेकड़ा रोहन चौरसिया की टोली कमांड की भी प्रशंसा हुई।

## नवनिर्मित कंट्रोल सेंटर देखा

डीआईजी ने पुलिस लाइन स्थित नवनिर्मित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस लाइन के आवासीय भवनों में रह रहे परिवारों से मिलकर साफ-सफाई व बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। मैस व बैरिक में जाकर भोजन व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

मेरठ जोन की अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रनरअप रही बागपत क्रिकेट टीम को डीआईजी ने ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया। निरीक्षण के दौरान एसपी सूरज कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार चौहान सहित सभी राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे। डीआईजी ने सभी क्षेत्राधिकारियों को अपने सर्किल की गार्दों का स्वयं निरीक्षण करने के निर्देश दिए।





# सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए ऐंठने वाला दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भ्रष्टाचार की जड़ कितनी गहरी है इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। नौकरी दिलवाने के नाम पर न जाने कितनें लोगों के साथ ठगी की जा रही है। ऐसा ही मामला जानी थाना क्षेत्र के भोला झाल निवासी दीपक कुमार पुत्र रतनलाल करीब 10 महीने पहले उसको एक व्यक्ति मिला जहां उसने कहा कि यह सरकारी नौकरी लगवा देगा तो दीपक ने उसको लाखों रुपए दे दिए और दीपक के साथ ही अपने परिवार के सदस्य सचिन पुत्र रतनलाल पवन पुत्र राजेश टिंकू पुत्र धर्मपाल के पैसे भी उस व्यक्ति को दे दिए और आरोपी ने कहा कि वह उनको सरकारी नौकरी लगवा देगा और नियुक्ति पत्र भी देगा। तभी कुछ दिन बाद भी नौकरी नहीं लगी और न नियुक्ति पत्र मिला और जब पीड़ितों ने उस व्यक्ति से पैसे मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। पीड़ित ने सारा मामला भोला चौकी इंचार्ज आदेश कुमार को बताया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर मुकदमा दर्ज कर लिया वहीं शुक्रवार को आरोपी को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से ही दबोच लिया। आरोपी की पहचान उमेश कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी बुलंदशहर थाना आहार के रूप में हुई। पुलिस ने बुलंदशहर से ही आरा. पी को जानी थाने लेकर आए और वहां से जेल भेज दिया।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की योजनाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: गोस्वामी

## आयुक्त मेरठ मंडल ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस के माध्यम से विकास योजनाओं तथा विकास कार्यो की मंडलीय समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं/परियोजनाओं, सीएमआईएस के अंतर्गत परियोजनाओं, विकास कार्यों एवं कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त ने बिंद. ुवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर संचालित योजनाओं में विभागीय अधिकारी विशेष रुचि लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। जिन योजनाओं की रैंकिंग अपेक्षाकृत कम है, उनमें सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रगति लाई जाए। फैमिली आईडी सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में विस्तृत कार्ययोजना बनाकर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बढ़ते तापमान, लू एवं हीटवेव की स्थिति के दृष्टिगत आयुक्त ने स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखे जाएं तथा किसी भी शिकायत अथवा समस्या पर त्वरित रिस्पॉन्स टीम के माध्यम से तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आमजन को राहत पहुंच. ाने के उद्देश्य से विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया गया।

गौशालाओं में चारा, पानी, भूसा, साफ-सफाई एवं पशुओं के उपचार की समुि. चत व्यवस्था बनाए रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को लाभार्थीपरक योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने एवं डाटा फीडिंग को त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। गर्मी एवं हीटवेव के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग को जनजागरूकता अभियान संचालित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए। आशाओं की भर्ती, भुगतान एवं संस्थागत प्रसव की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में यूनिसेफ के प्रतिनिधि द्वारा संबंधित विषयों पर प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस के माध्यम से एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयसीमा की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराई जाएं तथा कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।लाभार्थीपरक योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए विभागों को निर्देश दिए गए कि योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता के साथ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। उन्होने कहा कि योजनाओ के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



बैठक में छात्रवृत्ति योजना, पीएम सूर्य घर योजना, जननी सुरक्षा योजना, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति, पोषण अभियान, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, सड़क निर्माण कार्य, एमएसएमई अंतर्गत टूल किट वितरण, पर्यटन विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), पीएम कुसुम योजना सहित अन्य विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

तदोपरांत आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ भानु चन्द्र गोस्वामी एवं डीआईजी कलानिधि नैथानी की अध्यक्षता में कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत जनपदों में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। आपराधिक प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर मंडल के समस्त जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त (मेरठ/गाजियाबाद), अपर आयुक्त मेरठ मंडल, संयुक्त विकास आयुक्त मेरठ मंडल सहित अन्य संबंधित मंडलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जेएनयू के आधुनिक पुस्तकालय तंत्र से रूबरू हुए सुभारती के विद्यार्थी

## शैक्षणिक भ्रमण में डिजिटल संसाधनों, ई-लाइब्रेरी और आधुनिक सूचना तकनीकों की मिली व्यवहारिक जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी साइंस विभाग द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से बी.लिब एवं एम.लिब विद्यार्थियों के लिए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को आधुनिक पुस्तकालय प्रणाली, डिजिटल संसाधनों और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जेएनयू के केन्द्रीय पुस्तकालय का विस्तृत अवलोकन किया, जहां उन्होंने डिजिटल संसाधन केन्द्र, विभिन्न अध्ययन अनुभागों तथा अत्याधुनिक पुस्तकालय सेवाओं को नजदीक से देखा और समझा। विद्यार्थियों को ई-रिसोर्सेज, ऑनलाइन डेटाबेस, पुस्तकालय ऑटोमेशन, आरएफआईडी तकनीक, डिजिटल रिपॉजिटरी, वर्गीकरण एवं सूचीकरण प्रणाली तथा शोधार्थियों को प्रदान की जाने वाली आधुनिक सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण का संचालन असिस्टेंट लाइब्रेरियन श्री वीरेश्वर द्वारा किया गया। वहीं विद्यार्थियों को पुस्तकालयों की कार्यप्रणाली और प्रबंधन प्रणाली से अवगत कराने में उपपुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. मनोरमा त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकालय प्रबंधन, सूचना सेवाओं तथा डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। दोनों विशेषज्ञों ने पुस्तकालय की विभिन्न सेवाओं, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा आधुनिक पुस्तकालय प्रणाली की उपयोगिता को विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों के आकर्षण का मुख्य केंद्र पुस्तकालय में दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विशेष सहायता अनुभाग तथा साइबर लाइब्रेरी रहे। इन सुविधाओं को देखकर विद्यार्थियों ने आधुनिक पुस्तकालयों की समावेशी एवं तकनीक-संपन्न व्यवस्था की सराहना की और संबंधित जानकारियों को जानने में विशेष रुचि दिखाई। इस सफल शैक्षणिक भ्रमण में विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशल एवं व्यावसायिक क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक विश्वविद्यालय पुस्तकालयों की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, डिजिटल लाइब्रेरी एवं ई-संसाधनों के उपयोग की व्यवहारिक जानकारी देना, पुस्तकालय ऑटोमेशन तथा सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं को समझाना, शोध एवं सूचना खोज कौशल विकसित करना तथा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के व्यावसायिक और व्यवहारिक पक्ष को मजबूत बनाना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पुस्तकालय कर्मचारियों के साथ संवाद स्थापित कर आधुनिक पुस्तकालय सेवाओं के संचालन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं को भी समझा।

सभी विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताते हुए आधुनिक तकनीकों और सूचना सेवाओं के प्रति गहरी रुचि व्यक्त की। इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ. जावेद खान, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. अल्पना तथा भावना सहित विभाग के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने पूरे भ्रमण के दौरान उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और आधुनिक पुस्तकालय तकनीकों को समझने में विशेष दिलचस्पी दिखाई। ,

# बौद्धिक संपदा अधिकारों पर सुभारती विवि में विशेष व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस में 'बौद्धिक संपदा अधिकार: विचारों, रचनात्मकता और नवाचार का संरक्षण' विषय पर एक प्रभावशाली अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के डीन प्रो. (डॉ.) रवींद्र कुमार जैन के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय की आईपीआर प्रभारी एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. निशा राणा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों के बीच बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नवाचारों एवं रचनात्मक विचारों को सुरक्षित रखने के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. निशा राणा ने आधु. निक ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में पेटेंट की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में किसी भी नवाचार या शोध कार्य की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पेटेंट फाइल करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों, नोवेल्टी सर्च तथा पेटेंट विनिर्देशों को ड्राफ्ट करने की तकनीकों को सरल एवं व्यवहारिक ढंग से समझाया। साथ ही उन्होंने पेटेंट उल्लंघन जैसी चुनौतियों से बचाव तथा व्यावसायिक सहयोग के दौरान बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की। सत्र के दौरान नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट, लाइसेंसिंग अनुबंधों तथा बौद्धिक संपदा से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने इन विषयों में विशेष रुचि दिखाई तथा विभिन्न व्यावहारिक प्रश्न पूछे।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजित इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने पेटेंट लागत, नियमों के क्रियान्वयन की प्रक्रिया तथा आईपीआर क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. निशा राणा ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया।

**NOTICE**

I IKABAL S/O JAHUR HOUSE NO-40, R/O VYAPARIYAN JHANGIRPUR POST JHANGIPUR PS, JEWAR DISTT:-GAUTAM BUDH NAGAR,PIN:203141,HAVE CHANGED MY NAME TO IKBAL ALL PURPOSES

# गोवंशों के संरक्षण व देखभाल में ना हो कोई अनदेखी:डीएम

## जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर गौशालाओं में गर्मी से बचाव के लिए किए विशेष प्रबंध





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशों के क्रम में जनपद की गौशालाओं में भीषण गर्मी को देखते हुए गोवंशों के संरक्षण एवं राहत हेतु विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जनपद की विभिन्न गौशालाओं में गोवंशों को गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए कूलर, फुवारे, पंखे एवं अन्य आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

इसी क्रम में रटौल गौशाला, नगला बिहारी गौशाला सहित अन्य गौशालाओं में वातावरण को अनुक. ूल बनाए रखने के लिए कूलर एवं फुवारे लगाए गए हैं, जिससे गोवंशों को गर्मी से राहत मिल सके तथा उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गौशालाओं में गोवंशों के लिए स्वच्छ पेयजल, छाया, चारा तथा गर्मी से बचाव के सभी आवश्यक प्रबंध समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि गोवंशों के संरक्षण एवं देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा गौशालाओं की व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी कराई जा रही है, ताकि गोवंशों को बेहतर संरक्षण, सुरक्षित वातावरण एवं भीषण गर्मी से राहत उपलब्ध कराई जाये।

# पड़ोसियों ने घर में घुसकर परिवार पर किया हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के रटौल कस्बे में घर में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता चांदनी ने खेकड़ा थाने में तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। चांदनी के अनुसार, गुरुवार रात उनके बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे, तभी पड़ोस के कुछ लोगों ने बच्चों के साथ मारपीट की। जब चांदनी ने इसका विरोध किया, तो विवाद बढ़ गया।

चांदनी ने आरोप लगाया है कि विवाद बढ़ने के कुछ देर बाद पड़ोस के दो व्यक्ति बरन उनके घर में घुस आए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनके पति नदीम पर हमला किया गया, जिसमें उनके सिर पर ईंट लग गई। नदीम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नदीम को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा भिजवाया। वहां उनका इलाज किया गया। घटना के बाद पीड़िता चांदनी ने खेकड़ा थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। खेकड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पानी और बिजली की समस्या से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में गुराना रोड़ गली नंबर 8 में पिछले कई साल से यह नल खराब है। करीब 200 घरों को गंभीर पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर संबंधित अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की।



वही बिजली कटौती के कारण गर्मी में पंखे और कलर भी बंद पड़े है। लोगों को पसीना पसीना होने के मजबूर होना पड़ रहा है। पिछले 10 दिनों से टयूबवेल से भी पानी आना मुश्किल हो रहा है। नगरवासी पानी को तरस रहे हैं। टयूबवेल का पानी भी नहीं आता और नगर पालिका के नलकुप खराब पड़े हैं जिनको कई बार अवगत भी कराया जा चुका है लेकिन नगर पालिका द्वारा कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आज नगर वार्ड नंबर 10 के नगरवासियों ने नल को रीबूट करने के मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर बड़ौत श्रमिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा रोहित कश्यप कृष्णपाल सोनू शर्मा शोएब बाला शांति सलमा रिजवान शुभम कुमार अंजलि सुनीता शालू रेखा शमशेर कल सन्नो आदि मौजूद रहे।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड, चार बदमाश गिरफ्तार एक गोली लगने से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। ये बदमाश लूट की योजना बना रहे थे। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। यह घटना बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बड़ौत कोताना लुहारी रोड पर हुई।

पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर चेकिंग अभियान चल रहा था। पुलिस ने एक सफेद स्विफ्ट कार को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। घेराबंदी के बाद बदमाशों ने गाड़ी से उतरकर भागने की को. शिश की, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस की गोली लगने से सहारनपुर निवासी संजीव घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके तीन





अन्य साथियों, बड़ौत निवासी दीपांशु पुत्र सत्येंद्र, खेड़ा हटाना निवासी अकुल पुत्र सुभाष और शामली निवासी सागर पुत्र अजय को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक स्विफ्ट कार और दो नंबर प्लेट बरामद की गई हैं। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे नंबर प्लेट बदलकर लूट की वारदातों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इसी उद्देश्य से वे कई नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते थे। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मुठभेड़ के बाद चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की आगे की छानबीन जारी है।

## पुलिस चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरा. ेपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष सूर्यदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान बासौली गांव निवासी मोहित पुत्र राज. कुमार के रूप में बताई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग और गिरफ्तारी की जा रही है।

## खैला गांव पहुचें राज्यमंत्री पीड़ित परिवार को दी सांत्वना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खैला गांव के 90 वर्षीय समाजसेवी और शिक्षक प्रेमराज भाटी का निधन हो गया था जिससे क्षेत्र में शौक की लहर थी। शुक्रवार को उर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सोमेन्द्र तोमर ने पीड़ित के घर पहुंच सांत्वना दी और उनका जाना क्षेत्र के लिए क्षति बताया



खैला निवासी समाजसेवी व शिक्षक प्रेमराज भाटी का तीन दिन पहले 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया था प्रेमराज भाटी जहां शिक्षक रहते हुए गांव मे एक इन्टर कालिज और डिग्री कालिज की स्थापना कर क्षेंत्र में शिक्षा की अलख जगायी और हजारों युवकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उनके निधन के बाद जहा क्षेंत्र के गणमान्य लोग सांत्वना देने पहुंचे। वही उत्तर प्रदेश सरकार में उर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा.सोमेन्द्र तोमर ने भी उनके आवास पर पहुंच सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने शिक्षक की अलख जगायी थी ऐसे समाजसेवी शिक्षक का जाना क्षेत्र के लिए नुकसान है। हमे उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों को आगे बढाना चाहिए। इस मौकें मास्टर सतबीर सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## पत्नी के साथ अश्लील हरकत और परेशान करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ अश्लील हरकत करने और लगातार परेशान करने का आरोप लगाते हुए गांव के ही एक युवक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी सावन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने बताया कि यह घटना 17 मई की सुबह की है। उस दिन पीड़ित अपने खेत पर काम करने गया था और उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। आरोप है कि सावन ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी दीवारकूदकर मौके सेफरार हो गया। इस घटना के बाद महिला काफी भयभीत हो गई और उसने अपने पति को पूरी जानकारी दी। तहरीर में यह भी बताया गया है कि आरोपी पिछले कई दिनों से महिला को अश्लील इशारे कर परेशान कर रहा था। वह कभी मोबाइल नंबर मांगता था तो कभी बात करने का दबाव बनाता था। पीड़ित परिवार ने आरोपी के परि. जनों से शिकायत कर उसे समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन उन्होंने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पहले भी 2-3 बार उसकी पत्नी के साथ बदतमीजी करने का प्रयास कर चुका है। इतना ही नहीं, आरोपी ने खुलेआम धमकी दी थी कि ष्पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। थाना प्रभारी छपरौली आशीष पुंडीर ने पुष्टि की कि आरोपी सावन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम की पहल से बागपत में हीट वेव प्रबंधन को मिली मजबूती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव के प्रभाव को देखते हुए जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व एवं पहल पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। आमजन को गर्मी से राहत एवं सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद में बहुआयामी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।



जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में सार्वजनिक स्थानों पर शीतल पेयजल व्यवस्था, वाटर कूलर, मिट्टी के घड़ों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्धता, ORS वितरण, छायादार स्थलों का विकास तथा जनजागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सावधानी एवं सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं। हीट वेव से बचाव हेतु प्रशासन द्वारा नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित कर सभी संबंधित विभागों को सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों, श्रमिकों, बच्चों, बुजुर्गों एवं अन्य संवेदनशील वर्गों के लिए विशेष जागरूकता एवं सहायता व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि हीट वेव केवल मौसमी चुनौती नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य एवं जनसुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित वातावरण, पर्याप्त पेयजल एवं आवश्यक सहायता समय पर उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल से बागपत प्रशासन हीट वेव प्रबंधन, जनजागरूकता एवं आपदा तैयारी के क्षेत्र में प्रभावी कार्य करते हुए एक मॉडल जनपद के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

## गर्मी ने तोड़ा 150 साल का रिकॉर्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में गर्मी ने तोड़ा 150 साल का रिकॉर्ड 150 साल का रिकॉर्ड भारत में सुपर एल निनो बढ़ाएगा। लोगों की मुश्किल भयंकर गर्मी के साथ सुख और बाढ़ का अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। इन दोनों पुरा दिल्ली एनसीआर क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट से जूझ रहा है। शुक्रवार को दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। भयंकर गर्मी से हर कोई परेशान नजर आ रहा है। आसमान से अग्नि बरस रही है। जमीन भी तप रही है अगर कोई व्यक्ति नंगे पांव सड़क पर उतर आए तो यह मानो वह अग्नि से टक्कर ले रहा है।

## राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ ने डीएम को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारियों ने बागपत की अत्यंत लोकप्रिय और कर्मठ जिलाधिकारी अस्मिता लाल को देश के 100 उत्कृष्ट जिला. धिकारियों की प्रतिष्ठित सूची में स्थान प्राप्त करने पर बुके एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका नागरिक अभिनंदन व सम्मान किया।

इस अवसर पर महासंघ के पदा. धिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि जिलाधिकारी का इस राष्ट्रीय सूची में शामिल होना संपूर्ण जनपद के लिए बेहद गौरव और हर्ष का विषय है। यह उनके कुशल प्रशास. निक नेतृत्व, दूरदर्शिता, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक जनहितकारी योजनाओं को पारदर्शिता से पहुंचाने के उनके



अटूट संकल्प का परिणाम है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के इस अपनत्व और सम्मान के लिए संपूर्ण संगठन का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस गौरवमयी सम्मान समारोह में महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष विजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, राधेश्याम शर्मा, राकेश शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, पीयूष शर्मा सहित संगठन के कई गणमान्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## खेत में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के टटीरी कस्बे के एक खेत में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस जांच के दौरान शव के पास से एक नशीला इंजेक्शन और कुछ अन्य संदिग्ध सामान बरामद हुआ है। युवक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। शुक्रवार को कुछ लोग जंगल में घूमने गए थे, तभी उन्होंने गन्ने के खेत में शव देखा। घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है और शव की शिनाख्त के प्रयास लगातार जारी हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उनका मानना है कि जल्द ही इस घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## बेटियों को संस्कार, साहस और आत्मरक्षा के प्रशिक्षण की अत्यंत आवश्यकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** डिवाइन ग्लोबल एकेडमी में राष्ट्रीय आर्य वीर दल द्वारा आयोजित सात दिवसीय आवासीय आर्य वीरांगना योग एवं चरित्र निर्माण शिविर का शुक्रवार शाम वैदिक रीति-रिवाजों एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजीव कुमार ठेकेदार ने ओम ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बेटियों को संस्कार, साहस और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां बेटियों को आत्मनिर्भर, निर्भीक एवं संस्कारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शिविर के संयोजक आचार्य धर्मवीर आर्य ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बेटियों को शारीरिक, मानसिक एवं सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं भारतीय संस्कृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर शिविर में प्रतिभागी बालिकाओं को शस्त्र प्रशिक्षण, योग, प्राणायाम, विभिन्न आसनों, बौद्धिक सत्रों एवं चरित्र निर्माण से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय यह आवासीय शिविर पूर्ण अनुशासन एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप संचालित किया जाएगा, जिसमें प्रशिक्षित आचार्य एवं विशेषज्ञ बालिकाओं को प्रशिक्षण देंगे। शिविर में आत्मविश्वास, राष्ट्रभद्रि, संस्कार एवं अनुशासन पर विशेष बल दिया जाएगा।कार्यक्रम में वद्राओं ने कहा कि ऐसे शिविर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ बेटियों को आत्मनिर्भर एवं निर्भीक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपस्थित लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर केके त्यागी, दिनेश शर्मा, हरपाल आर्य, बिजेंद्र गोस्वामी, सुनील आर्य, अनंगपाल आर्य, राजेश उज्जवल, ऋतु आर्य, एडवोकेट राधेश्याम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री इकरा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

नसरीन पत्नि स्व.खुरशेद निवासी ग्राम पिलाना थाना सिंघावली अहीर तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अंकित पुत्रवधू शालू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करत हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सत्यपाल पुत्र इलमसिंह निवासी पट्टी रतराना कस्बा टीकरी थाना दोघट तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

# पिलखुआ पुलिस पर अवैध हिरासत और धन उगाही के गंभीर आरोप

## अधिवक्ता परिवार को प्रताड़ित करने के आरोप से मचा बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुआ थाना पुलिस पर अधिवक्ता परिवार के एक सदस्य को कथित रूप से अवैध तरीके से हिरासत में रखने, पांच लाख रुपये की मांग करने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर अधिवक्ता समाज में नाराजगी व्याप्त है।

अधिवक्ता कृष्णकांत कपिल गोस्वामी की ओर से पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, अनुसूचित जाति आयोग, मानवाधिकार आयोग समेत कई विभागों को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि आजाद समाज पार्टी के लीगल सेल के जिला सचिव एवं अधिवक्ता उमेश कुमार के पिता प्रहलाद सिंह को पिलखुआ पुलिस ने कथित रूप से बिना वैधानिक प्रक्रिया पूरी किए हिरासत में ले लिया। शिकायत में कहा गया है कि पुलिस की ओर से गिरफ्तारी से संबंधित कोई लिखित दस्तावेज, गिरफ्तारी ज्ञापन अथवा वैधानिक सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। अधिवक्ताओं का



आरोप है कि जब पुलिस अधिकारियों से कथित एनबीडब्ल्यू और कानूनी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी मांगी गई तो स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। आरोप यह भी है कि अधिवक्ताओं और परिवार के सदस्यों के साथ अभद्रता की गई तथा धमकी दी गई। शिकायत पत्र में जातिसूचक टिप्पणी करने के आरोप भी लगाए गए हैं। अधिवक्ताओं ने पत्र में कस्टोडियल उत्पीड़न और फर्जी मुठभेड़ जैसी आशंका भी जताई है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से गिरफ्तारी का आधार, कथित एनबीडब्ल्यू की प्रति, जीडी एंट्री और अन्य वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो मामले को उच्च न्यायालय और अन्य सक्षम मंचों पर उठाया जाएगा। वहीं, समाचार लिखे जाने तक पुलिस विभाग की ओर से मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

# ई-रिक्शा में छूटा महिला का बैग, चालक बैग लेकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा से हापुड़ आई एक महिला का बैग ई-रिक्शा में छूट गया, जिसे लेकर चालक फरार हो गया। बैग में नकदी, जरूरी दस्तावेज और अन्य सामान बताया जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित महिला पुलिस कार्रवाई के लिए इधर-उधर भटकती रही, लेकिन मामला दो थानों की सीमा में उलझा रहा।

बताया गया है कि महिला पिलखुवा क्षेत्र से ई-रिक्शा में बैठकर हापुड़ आई थी। गंतव्य स्थान पर उतरने के बाद उसे कुछ देर में पता चला कि उसका बैग ई-रिक्शा में ही रह गया है। महिला ने आसपास तलाश की, लेकिन चालक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई, जिसमें संबंधित ई-रिक्शा चालक नजर आया है। पीड़िता का आरोप है कि वह शिकायत लेकर पहले पिलखुवा थाने पहुंची, जहां पुलिस ने घटना नगर कोतवाली क्षेत्र की बताते हुए उसे वहां भेज दिया। वहीं नगर कोतवाली पहुंचने पर मामला पिलखुवा क्षेत्र से जुड़ा बताकर कार्रवाई टाल दी गई। दोनों थानों के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर स्पष्ट कार्रवाई न होने से महिला परेशान रही। महिला ने पुलिस अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर आरोपी चालक की पहचान कर बैग बरामद कराने की मांग की है।



# जेएमएस ग्रुप में फेयरवेल पार्टी 2026 का भव्य आयोजन, विदाई समारोह में छलके जज्बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित फेयरवेल पार्टी 2026 में उत्साह, उमंग और भावुकता का अनोखा संगम देखने को मिला। अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को जूनियर्स और शिक्षकों ने शानदार अंदाज में विदाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सम्मान समारोह ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सचिव रोहन सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर आयुष सिंघल, महानिदेशक सुभाष गौतम और प्राचार्य धीरज सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




अपने संबोधन में सचिव रोहन सिंघल ने कहा कि कॉलेज जीवन में फेयरवेल पार्टी की विशेष भूमिका होती है। यह विद्यार्थियों को नई दिशा देने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत करती है। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर आयुष सिंघल ने कहा कि संस्थान में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक आयोजनों को भी समान महत्व दिया जाता है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने डांस, गीत और मनोरंजक प्रस्तुतियों से माहौल को खुशनुमा बना दिया। समारोह के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। हर्षित शर्मा मिस्टर फेयरवेल और खुशी मिस फेयरवेल चुनी गईं। पलक पवार और मानसी को मिस बेस्ट पर्सनालिटी जबकि वैभव को बेस्ट पर्सनालिटी का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य धीरज सैनी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। समारोह को सफल बनाने में संस्थान परिवार का विशेष योगदान रहा।

# गर्मी में बढ़ा शॉर्ट सर्किट का खतरा, विभाग की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गर्मी के मौसम में फैक्ट्रियों और औद्योगिक इकाइयों में आग लगने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए विद्युत सुरक्षा विभाग ने उद्योग संचालकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा भगीरथ ने कहा कि अधिकांश अग्निकांड शॉर्ट सर्किट और विद्युत सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण होते हैं, इसलिए सभी उद्योगों को अपने विद्युत सिस्टम की नियमित जांच करानी चाहिए। विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से तारों और केबिलों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसे में ओवरलोडिंग, खराब वायरिंग और ढीले कनेक्शन बड़े हादसों का कारण बन सकते हैं।

उप निदेशक विद्युत सुरक्षा ओम प्रकाश ने कहा कि ट्रांसफार्मर, जनरेटर और विद्युत पैनलों की सही अर्थिंग बेहद जरूरी है। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि ट्रांसफार्मर और पैनलों के आसपास ज्वलनशील सामान न रखा जाए तथा फायर एक्सटिंग्यूशर और रेत की बाल्टियों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। विभाग ने उद्योग संचालकों से केवल मान्यता प्राप्त विद्युत ठेकेदारों से ही कार्य कराने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है। विद्युत



सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि विद्युत सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने से पहले सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना आवश्यक होगा। इसके लिए निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# कूड़े के ढेर से उठी चिंगारी ने फूंकी कार, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भीषण गर्मी अब लोगों के साथ-साथ वाहनों पर भी भारी पड़ने लगी है। शुक्रवार को फीगंज रोड पर सड़क किनारे खड़ी एक कार अचानक आग की चपेट में आ गई। कुछ ही पलों में कार आग का गोला बन गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर राहगीरों में दहशत फैल गई। लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार कार कूड़े के ढेर के पास खड़ी थी। भीषण गर्मी के कारण कूड़े में लगी छोटी सी आग ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया और पास खड़ी कार तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि आसपास खड़े लोग दूर हट गए और वहां भगदड़ जैसे हालात बन गए। घटना की सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा दमकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग की लपटें काफी दूर तक दिखाई दे रही थीं। लोगों को आशंका थी कि कहीं कार में विस्फोट न हो जाए, जिसके चलते क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। दमकल विभाग की तत्परता के चलते बड़ा हादसा टल गया, वरना आग आसपास खड़े अन्य वाहनों



और दुकानों तक भी फैल सकती थी। प्रारंभिक जांच में गर्मी के चलते कूड़े में आग लगने को हादसे का कारण माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण ऐसे हादसों में इजाफा हो रहा है। गर्मी के मौसम में ज्वलनशील पदार्थों के पास वाहन खड़े करना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। सीएफओ अजय शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वाहन कभी भी कूड़े के ढेर, सूखी घास या ज्वलनशील वस्तुओं के पास खड़े न करें। साथ ही वाहन की वायरिंग और तकनीकी जांच समय-समय पर कराते रहें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# घर में सोते रहे लोग, चोर लाखों के जेवर और नकदी समेट ले गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच एक बार फिर बेखौफ चोरों ने पुलिस गश्त को चुनौती दे दी। मोहल्ला गढ़ी उत्तम स्कूल के पास देर रात चोर एक घर में घुस गए और परिवार के सोते समय लाखों रुपये के जेवर व नकदी चोरी कर फरार हो गए। सुबह घटना का पता लगते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला गढ़ी सुखलाल की मढ़ैया निवासी पुष्पा शर्मा ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बुधवार रात वह अपने बच्चों के साथ घर में सो रही थीं। इसी दौरान अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुस आए। चोरों ने अलमारी में रखी सोने की तीन अंगूठियां, चेन, कानों के जेवर और करीब 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। सुबह करीब पांच बजे जब परिवार की आंख खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और ताले टूटे हुए थे। चोरी की जानकारी मिलते ही परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। पीड़िता के अनुसार आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध युवक आता-जाता दिखाई दिया है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान में जुटी हुई है। कोतवाली प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को आगे आए प्रशासन, बेटियों के एचपीवी टीकाकरण पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी कविता मीना ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि 14 से 15 वर्ष की बेटियों को समय रहते एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं, ताकि भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके।

उन्होंने बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर तेजी से बढ़ने वाली गंभीर बीमारियों में शामिल है, जिसका मुख्य कारण एचपीवी संक्रमण माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार किशोरावस्था में लगाया गया एचपीवी टीका इस बीमारी से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। डीएम ने कहा कि दुनिया के कई देशों में इस वैक्सीन का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है और यह पूरी तरह सुरक्षित है। जिलाधिकारी ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से यह टीका पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि बाजार में इसकी कीमत हजारों रुपये है। टीकाकरण के लिए अभिभावकों को बेटी का जन्म प्रमाण पत्र अथवा आयु संबंधी दस्तावेज साथ लाना होगा। जिलाधिकारी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और चिकित्सकों से सही जानकारी प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर जागरूकता फैलाएं और जनपद की प्रत्येक पात्र बेटी तक एचपीवी टीका पहुंचाने में सहयोग करें।

# सड़क पर नियम तोड़े तो खैर नहीं, परिवहन विभाग का बड़ा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अवैध और नियम विरुद्ध वाहन संचालन पर नकेल कसने के लिए परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। दो दिन तक चले विशेष अभियान में बसों, ऑटो, एम्बुलेंस और माल वाहनों की सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान 114 वाहनों पर चालान और सीज की कार्रवाई कर विभाग ने नियम तोड़ने वालों को सख्त संदेश दिया।

21 और 22 मई को चलाए गए इस विशेष अभियान में क्षेत्राधिकारी यातायात राहुल यादव, एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे, यात्रीकर अधिकारी आशुतोष उपाध्याय तथा यातायात निरीक्षक नरेश कुमार की अगुवाई में टीम ने हापुड़ और गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर औचक चेकिंग की। जांच के दौरान कई वाहन बिना वैध दस्तावेजों और नियमों के विरुद्ध संचालित होते पाए गए। ए आर टी ओ रमेश चौबे ने बताया कि अभियान में पांच बसों का चालान किया गया, जबकि दो अवैध बसों को निरुद्ध किया गया। फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाणपत्र समाप्त पाए जाने पर 15 ऑटो सीज किए गए। इसके अलावा दो एम्बुलेंस भी मानक पूरे न करने के कारण कार्रवाई की जद में आईं। यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी विभाग ने कड़ी कार्रवाई की। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चार चालकों के खिलाफ ड्रंकन ड्राइविंग में चालान किया गया। वहीं हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करने, मोबाइल



फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने, रॉन्ग साइड वाहन दौड़ाने, ओवरलोडिंग और माल वाहनों में सवारियां बैठाने जैसे मामलों में 92 वाहनों के चालान किए गए। ए आर टी ओ रमेश चौबे ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। वाहन चालकों से सभी दस्तावेज अद्यतन रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की गई।

## एक नजर

# डीएम की चेतावनी, मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** खाद्य पदार्थों में मिलावट और बिना मानकों के संचालित प्रतिष्ठानों पर अब प्रशासन सख्ती के मूड में नजर आ रहा है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित खाद्य सुरक्षा समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जिलेभर में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी, मिठाई की दुकानें और फूड प्रोसेसिंग यूनिटों का एफएसएसएआई लाइसेंस अनिवार्य रूप से जांचा जाए। बिना लाइसेंस संचालन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया कि बाजार में बिक रहे दूध, खोवा, मिठाई, तेल, मसाले और पनीर के नियमित नमूने लेकर जांच कराई जाए, ताकि मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। बैठक में साफ-सफाई और हाइजीन व्यवस्था को लेकर भी डीएम ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि किचन, स्टोरेज और काउंटर की स्थिति खराब मिलने या मिलावट पाए जाने पर संबंधित दुकान को सील करते हुए लाइसेंस निरस्त किया जाए और आवश्यक होने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाए। डीएम ने कहा कि जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# पिलखुवा में स्वास्थ्य सेवाओं को नई उड़ान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** गंभीर मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में जीएस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। अस्पताल में पूर्णतरू वातानुकूलित 24 बेडेड हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) का शुभारंभ किया गया। इस यूनिट में आधुनिक मॉनिटरिंग सिस्टम और विशेषज्ञ डॉक्टरों की चौबीस घंटे निगरानी में मरीजों का उपचार किया जाएगा।



कार्यक्रम के दौरान जीएस विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट अंकुर शर्मा ने कहा कि अस्पताल का लक्ष्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को महानगरों जैसी चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लगातार क्रिटिकल केयर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे गंभीर मरीजों को बाहर रेफर करने की जरूरत कम हुई है। प्रो चांसलर डा. अंकित शर्मा ने बताया कि अस्पताल में न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और नियोनेटोलॉजी समेत कई सुपरस्पेशियलिटी विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल आधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों के माध्यम से कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण इलाज देने के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल परिसर में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में चिकित्सकों और प्रबंधन टीम के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने नई एचडीयू सुविधा को क्षेत्र के मरीजों के लिए बड़ी राहत बताते हुए अस्पताल प्रबंधन की सराहना की।

# पिलखुवा में होने जा रहा था बाल विवाह, प्रशासन की तत्परता से रुकी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में बाल विवाह के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिलखुवा क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका का विवाह समय रहते रुकवा दिया। सूचना मिलते ही प्रशासन, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस विभाग और ग्राम स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

मामला पिलखुवा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुरा मोहल्ले का है, जहां एक नाबालिग बालिका का विवाह कराया जाना प्रस्तावित था। जांच के दौरान बालिका की आयु निर्धारित वैधानिक उम्र से कम पाई गई। इसके बाद टीम ने परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए काउंसलिंग की। बाद में बालिका को बाल कल्याण समिति हापुड़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। स्मिता सिंह ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत बाल विवाह कराना दंडनीय अपराध है। इससे बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह कराने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस या जिला प्रोबेशन कार्यालय को सूचित करें, ताकि समय रहते बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎0121-4005303, 4007303

**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290

UPHIN/2007/20661

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### दूसरी मंजिल पर फंसे परिवार को सीढ़ी लगाकर निकाला बाहर, आसपास का इलाका कराया खाली

# जूतों के गोदाम में आग से लाखों का नुकसान







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जूतों के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। तेजी से फैली आग ने देखते ही देखते सारे गोदाम को अपनी चपेट मे ले लिया। धुएं का गुब्बार आसमान में छा गया। जबकि आग की लपटे गोदाम और मकान से बाहर निकलने लगी। गोदाम के ऊपर बने मकान की पहली मंजिल से परिवार के लोगों की चीखे सुनकर आस पास की लोगो ने किसी तरह सीढ़ी लगाकर भीषण आग के बीच से उन्हें बाहर निकाला। आग का विकराल रूप देखकर आसपास के मकानों को भी खाली करा लिया गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपये के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है।

- **फायर बिग्रेड की मद्द से घंटो प्रयास के बाद पाया आग पर काबू,**
- **मौहल्ले में मची रही अफरा तफरी**

नगर के मोहल्ला नौबतखाना निवासी हाजी वसीम अहमद का मोहल्ला नल नई बस्ती में मकान बना है। मकान के नीचे हिस्से में जूतों, चप्पलों का गोदाम है जबकि पहली मंजिल पर उनका परिवार रहता है। दोपहर के समय हाजी वसीम अहमद बेटे असद व अनस के साथ जुमा की नमाज पढ़ने गये थे। जबकि परिवार के बाकी सदस्य घर पर ही मौजूद थे। करीब एक बजे संदिग्ध परिस्थितियों में उनके मकान में आग लग गई। आग इतनी तेजी से भड़की कि मकान और गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। धुएं का गुब्बार आसमान मे छा गया। तेज आग की लपटे मकान व गोदाम से बाहर निकलने लगी। आग लगने से परिवार के लोग ऊपर ही फंस गए। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई परन्तु भीषण आग को देखकर सभी के हाथ पैर फूल गए। आग मे फंसे परिवार की चीख पुकार सुनकर किसी तरह हिम्मत कर लोगो ने सीढ़ी लगाकर उन्हें बाहर निकाला। आग इतना भयानक रूप ले चुकी थी कि आसपास के घरों को खाली करा लिया गया। सूचना के लगभग आधे घंटे बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। करीब चार घंटे बाद किसी तरह आग को काबू किया गया। घटना मे बाइक व गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। जबकि मकान में दरार आने से क्षतिग्रस्त हो गया। आग से कई लाख रुपए के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। जिसका आंकलन नहीं किया जा सका। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव, सीओ अभिषेक यादव व एसडीएम श्रीमति विभा श्रीवास्तव ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान बिजनौर रोड पर जाम के हालात बने रहे।



### गांधी मूर्ति पर खड़ी हो फायर बिग्रेड की गाड़ी: महबूब

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। बिजनौर रोड स्थित जूते-चप्पल के गोदाम में लगी आग की सूचना मिलते ही लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली व पूर्व एमएलसी परवेज अली मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बातचीत कर जल्द आग पर काबू पाने के निर्देश दिए। जबकि पीड़ित का ढांढस बंधाया। श्री अली ने भीषण गर्मी को देखते हुए शहर में अग्निशमन व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत बताई। उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर पूर्व की भांति रमाबाई छात्रावास एवं टीपीनगर चौराहे के पास फायर ब्रिगेड वाहन स्थायी रूप से तैनात करने की मांग की। उन्होंने कहा कि शहर में इन स्थानों पर अग्निशमन वाहन मौजूद रहने से आग लगने की घटनाओं में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सकेगा और बड़े नुकसान से बचाव संभव होगा।

# ऋषिकेश में पानी में डूबे नौगांवा के दो छात्र

### लक्ष्मण झूले पर सेल्फी बनी काल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। उर्स में शामिल होने के बाद ऋषिकेश घूमने गए दो दोस्तों के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। लक्ष्मण झूले पर फोटो खींचते समय एक युवक का पैर फिसल गया, उसे बचाने के लिए दूसरे दोस्त ने भी गंगा में छलांग लगा दी। तेज बहाव में दोनों युवक लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया, जबकि प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है।

कस्बे के मोहल्ला शाह फरीद (अटारी वाले) निवासी किसान अली अब्बास के परिवार में पत्नी शाखातून के अलावा तीन बेटे जाशान जाफर, अदनान व मोहम्मद फैजान तथा दो बेटियां आफरीन व नूर सबा हैं। तीन भाइयों में सबसे छोटे बेटे फैजान अली ने इसी साल मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी। दरअसल, नजीबाबाद के जोगी रम्पुरा स्थित शिया धर्मस्थल में इन दिनों कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए कस्बे से बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग जोगी रम्पुरा जाते हैं। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह 25 वर्षीय मोहम्मद फैजान मोहल्ले में ही रहने वाले अपने 22 वर्षीय दोस्त मोहम्मद कैफ के साथ जोगी रम्पुरा गया था। मोहम्मद कैफ, पेशे से मजदूर नसीम हैदर का बेटा है। उनके परिवार में पत्नी इशरत जहां के अलावा एक बेटी सैय्यदा व एक बेटा मोहम्मद कैफ है। मोहम्मद कैफ स्थानीय एक शिक्षण संस्थान में बीटेक फर्स्ट सेमेस्टर का छात्र था। इन दोनों के साथ में बस्ती के ही रहने वाले जीशान पुत्र मोहम्मद अख्तर व मोहम्मद पुत्र कमर अब्बास भी थे। दरगाह पर उर्स में शामिल होकर दोपहर करीब 12:30 बजे चारों दोस्त घूमने के लिए बाइकों से उत्तराखंड के ऋषिकेश चले गए थे। वहां लक्ष्मण झूले पर यह हादसा शाम में करीब 7 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि फोटो खींचते समय अचानक मोहम्मद कैफ का पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गया। जिसे डूबते हुए देख उसे बचाने के लिए मोहम्मद फैजान ने भी नदी में छलांग लगा दी लेकिन पानी की तेज धार दोनों को अपने साथ बहा ले गई। मंजर देख जीशान और मोहम्मद ने शोर मचा दिया। लक्ष्मण झूले पर मौजूद गोताखोरों तुरंत ही नदी में कूद गए लेकिन जब तक दोनों नजरों से ओझल हो चुके थे। जीशान ने फोन कर परिजनों को दोनों के डूबने की सूचना दी तो मोहल्ले में कोहराम मच गया। दोनों के परिजन देर रात ऋषिकेश के लिए रवाना हो गए थे। ऋषिकेश प्रशासन द्वारा शुक्रवार सुबह से ही तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है, फिलहाल दोनों का अभी कुछ पता नहीं चला सका है।

- **उर्स में शामिल होने गए थे चार दोस्त, एक को बचाने के चक्कर में दूसरा भी पानी में बहा**

# बहन के मुंडन के दौरान गंगा में डूबकर भाई की मौत

### तीन बच्चों और एक महिला को लोगों ने बमुश्किल बचाया





**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मुंडन संस्कार की खुशियां उस समय शोक में बदल गयीं जब 05 वर्षीय बालिका के 13 वर्षीय भाई की गंगा में डूबकर मौत हो गयी, जबकि उसके साथ नहा रहे तीन बच्चों और एक महिला को ग्रामीणों ने काफी प्रयास करके बचाया। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक बालक गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पांच वर्ष का छात्र था।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव फत्तेपुर बाटुपुरा के निवासी शिवराज की 05 वर्षीय पुत्री मंजू का शुक्रवार को मुंडन संस्कार होना था। परिजन ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर जनपद अमरोहा की साइड में ही पुल के नीचे ही गंगा में स्नान के लिए ब्रजघाट में आये थे। स्वजन तो मुंडन संस्कार कराने में पुरोहित से पूजन आदि कराने लगे तो वहीं शिवराज का 12 वर्षीय पुत्र सोनू अपने साथ के बच्चों विवेक (10) पुत्र महेंद्र, अर्जुन (13) पुत्र दौलत, प्रदीप (10) पुत्र हरचरण के साथ गंगा में नहाने लगा। गंगा में एक नारियल बहता देखकर बालक उसे पकड़ने को पानी में आगे तक बढ़ गए और गहरे पानी में डूबने लगे। बालकों ने बचाने को शोर मचाया तो विवेक की माँ कस्तूरी बचाने को कूद गयी मगर वह भी डूबने लगी। उधर गाँव के योगेश आदि ने पानी में कूदकर सभी को बचाना शुरू किया, सोनू को छोड़कर सभी को कुछ ही देर में बचा लिया गया। सोनू की लगातार तलाश की जाती रही, मगर वह जब तक मिला तब तक उसकी सांसे थम चुकीं थीं। सोनू की मौत से परिजनों में चीख पुकार मच गयी। ग्रामीणों के चेहरे भी उतर गए। सब मायूस होकर सोनू के शव को घर लेकर पहुंचे तो उत्सव का माहौल मातम में बदल गया।

# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

### उर्स में गया था परिवार, चोरों ने खंगाला घर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। बकरी वाला में उर्स में शामिल होने गए परिवार के बंद मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। चोर ताला तोड़कर घर में घुसे और नकदी, सोना-चांदी के जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी होने पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, बिजनौर जिले के नजीबाबाद में जोगी रम्पुरा स्थित शिया धार्मिक स्थल में इनदिनों वार्षिक उर्स चल रहा है। कस्बे के सैकड़ों शिया परिवार इस आयोजन में शामिल होने गए हुए हैं। मोहल्ला बंगला की नई आबादी में रहने वाले पेशे से बीड़ी मजदूर अहसान का परिवार भी जोगी रम्पुरा गया हुआ है। गुरुवार रात मकान में ताला लगाकर वह सोने के लिए पड़ोस में ही अपनी ससुराल चले गए थे। रात में किसी समय चोर दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर घर में घुस गए। कमरा खंगालते हुए अलमारी में रखी 75 हजार रुपये की नकदी, सोना-चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर ले गए। तड़के में पड़ोसी बाहर निकले तो दरवाजे का ताला टूटा देख उन्होंने इसकी सूचना अहसान को दी। घर पहुंचे अहसान ने अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखी नकदी गायब थी। घटना से मोहल्ले में दशहत फैल गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मौके पर आकर घटना की जानकारी ली। सीओ अवधभान भदौरिया ने बयाया कि घटना की जांच की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर जल्द चोरी का खुलासा किया जाए।

## एक नजर

### बच्चों के विवाद में युवक को किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर में बच्चों के बीच हुए विवाद को शांत कराने पहुंचे युवक पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान युवक के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी जोया में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव निवासी शाने आलम पुत्र मुख्तयार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई अशरफ का बेटा आदिल और पड़ोसी मुर्शेलीन की बेटी माहिनूर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। बच्चों के बीच हो रहे विवाद को शांत कराने के लिए वह मौके पर पहुंचा था। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी आकिल, कामिल पुत्र इस्लाम, मुर्शेलीन और सलमान पुत्र आकिल ने उसे पकड़ लिया तथा गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान मुर्शेलीन ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार कर दिया, घायल शाने आलम ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी जोया भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल अमरोहा रेफर कर दिया।

### बिजली का तार टूटकर गिरा, तीन मासूम झुलसे



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। नहर के मोहल्ला खारी कुआं में गुरुवार रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मां के साथ जा रहे तीन मासूम बच्चों पर अचानक बिजली का तार टूटकर गिर पड़ा, जिससे तीनों बच्चे झुलस गए। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दौड़कर बच्चों को तार की चपेट से बाहर निकाला। हादसे में खिजर हसन (6 वर्ष), फातिमा सिद्दीकी (8 वर्ष) और अयान हसन (10 वर्ष) की त्वचा झुलस गई। बच्चों के पिता आरिफ हसन ने बताया कि इलाके में बिजली की जर्जर लाइनें लंबे समय से हादसों को दावत दे रही हैं और आए दिन फॉल्ट व तार टूटने की घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद बिजली विभाग के एसडीओ के सरकारी नंबर पर कई बार फोन किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे मामले से अवगत कराया।

### किसान की दो भैंसे चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। देहात थाना क्षेत्र के गांव तुरमाफी में एक किसान की दो भैंसें चोरी हो गईं। घटना बीती 8 अप्रैल की रात की है। किसान ब्रजपाल सिंह ने अपने घेर में भैंसों को गायब पाया। ब्रजपाल सिंह के मुताबिक सुबह उठने पर उन्होंने देखा कि उनकी दो भैंसें घेर में नहीं थीं। उन्होंने अपने परिवार और पड़ोसियों के साथ मिलकर आसपास के खेतों और गांवों में भैंसों की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। किसान ब्रजपाल सिंह ने अपनी आर्थिक स्थिति को कमजोर बताया है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### टैम्पो की टक्कर से दो युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। हाइवे पर नीली खेड़ी पुल के पास तेज रफ्तार टैंपो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक नैनीताल घूमने जा रहे थे। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हापुड़ थाना क्षेत्र के गांव कातुल्लाबाद निवासी आकाश तोमर और उनका साथी शिवम गुरुवार रात बाइक से नैनीताल घूमने के लिए जा रहे थे। नीली खेड़ी पुल के पास पीछे से आ रहे टैंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों में जिला अस्पताल अमरोहा के लिए रेफर कर दिया।

# मारपीट के तीन दोषियों को एक-एक साल की सजा

### साक्ष्य अभाव में तीन को किया बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुरानी रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने तीन दोषियों को एक-एक साल की जेल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर दो-दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर तीनों को दोषी करार दिया।

मामला रजबपुर थाने से जुड़ा था। अक्तूबर 2019 को क्षेत्र के गांव पपसरा निवासी जयपाल सिंह डेलमार्क फैक्ट्री से काम कर घर लौट रहे थे। खाता पपसरा रोड पर पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने घेरकर हमला कर दिया था। तीनों आरोपियों ने जयपाल सिंह की लाठी-डंडों और सरियों से बेरहमी से पिटाई की थी। मौके पर भीड़ जुटती देख आरोप जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। आरोपियों की पहचान तरुण निवासी अहरौली माफी, मोहित और प्रकाश निवासी रमपुरा थाना मंडी धनौरा के रूप में हुई थी। मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की विवेचना कर पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान अदालत ने पत्रावली का अवलोकन किया। साक्ष्यों के आधार पर तरुण, मोहित और प्रकाश को दोषी करार दिया। तीनों को एक-एक साल जेल की सजा सुनाई तथा दो-दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# सीएचसी के वार्डो में कूलर लगवाने के निर्देश

### डीएम ने किया सीएचसी का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण करते हुए ओपीडी सेवायें, एनबीएसयू, आईपीडी, फार्मेसी, औषधि वितरण कक्ष, लैबर रूम एवं नर्सिंग स्टाफ का जायजा लिया। डीएम ने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा बनवाया जा रहे महिला पिंक शौचालय का भी निरीक्षण किया।

शुक्रवार को डीएम सीएचसी पहुंचे। निर्माणाधीन पिंक शौचालयों के सम्बन्ध में उन्होनें अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये कि यहां जो 05 सीट का शौचालय बनाये जा रहे है, उसके स्थान पर 04 शौचालयो और 01 स्नानघर को निर्माण कराये ताकि मरीज के साथ रूकने वाले तीमारदारों को स्नान करने की सुविधा हो। इसके बाद उन्होनें परिसर में संचालित दीदी प्रेरणा कैन्टीन संचालक को निर्देश दिये, कि जो डस्टबिन रखे है वह ढ़के होने चाहिये। डीएम ने दवा लेने आई महिला का पर्चा देखकर अस्पताल से मिली दवाईयों का मिलान किया और उससे जानकारी ली। बच्चे को कमजोर देखकर जिलाधिकारी ने उस बच्चो को एनआरसी में भर्ती करने के निर्देश दिये। डीएम ने सीएचसी परिसर में नगर पालिका परिषद को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में फन्डामेंटल पौधों के गमले रखवायें जैसे-मनी प्लान्टस आदि ताकि सुन्दरता के साथ मरीजो को अच्छी अनुभूति प्राप्त हो सके। उन्होनें स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि खिड़कियो पर पर्दे लगे होने चाहिये और अच्छी प्रकार साफ सफाई होनी चाहिये। डीएम ने वार्ड में कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ ही डॉक्टर्स को निर्देश दिये अपनी-अपनी आईडी बैज अवश्य लगाएं। उन्होंने एंटी रेबीज और एंटी वेनम के इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। जिस पर फार्मासिस्ट द्वारा पर्याप्त मात्रा में उक्त इंजेक्शन उपलब्ध होने के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने एंटी रेबीज और एंटी वेनम के इन्जेक्शन के फ्रिज का तापमान 13 डिग्री से0 होने पर सम्बन्धित को निर्देश दिये कि फ्रिज को टेक्निशियन द्वार ठीक करा ले ताकि एंटी रेबीज और एंटी वेनम इन्जेक्शन खराब न हो। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 योगेन्द्र सिंह, डॉ.दीपाली गंगवार, डॉ. अजित, एसडीएम धनौरा सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### 36 दिन बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी कर ली गई। काफी तलाशने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव मेहंदी माफी निवासी विकास के मुताबिक 16 अप्रैल 2026 को रात करीब 8:15 बजे वह अपने दोस्त मोहित के साथ एक लगन कार्यक्रम से घर लौट रहा था। अमरोहा-कांठ रोड पर एवजाबाद गांव के पास उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी की। विकास और मोहित लघुशंका के लिए कुछ दूरी पर गए थे और बाइक की चाबी उसी में लगी छोड़ दी थी। जब दोनों वापस लौटे तो बाइक मौके पर नहीं मिली।

# चीनी मिल में करोड़ो के घोटाले के खिलाफ उठी आवाज

### भाकियू ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बी. आर. अंबेडकर ने दि किसान सहकारी चीनी मिल काला खेड़ा में तैनात वर्तमान सीसीओ (मुख्य गन्ना अधिकारी) पर करोड़ों रुपये के वित्तीय घपले और भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में दिग्विजय भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता ढोल नगाड़े बजाते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंच गये। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में संगठन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप-जिलाधिकारी हसनपुर को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि सीसीओ द्वारा पद का दुरुपयोग कर मिल और गन्ना किसानों के हक के करोड़ों रुपये का गबन किया गया है। जिससे हजारों किसान आर्थिक संकट में हैं। उचित तौल, पर्ची वितरण और भुगतान में जमकर धांधली की गई है। सीसीओ को पद से तत्काल निलंबित करने, भ्रष्टाचार की धाराओं में मुक. दमा दर्ज करने और उच्च स्तरीय निष्पक्ष जाँच की माँग की है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन द्वारा त्वरित और ठोस कार्रवाई नहीं की गई। तो किसान हितों की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर धर्मपाल यादव, मतलूब, रिहान चौधरी, गौतम गुर्जर, जफर रजा, कोहली भारती, महेंद्र यादव, पवन सैनी, मेवाराम खड़गवंशी, कुलदीप सिंह, अभिषेक त्यागी, रूम सिंह, खड़गवंशी, सोनू गुर्जर आदि मौजूद थे।

# सराय सुंदरपुर टोल प्लाजा पर गुंडागर्दी

- फास्टैग बैलेंस होने पर भी अज्ञात क्यूआर कोड पर पैसे मांगने का विरोध करने पर स्कॉर्पियो सवार से मारपीट की कोशिश,
- मुकदमा दर्ज करने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** डिजिटल इंडिया के दावों और नेशनल हाईवे पर यात्रियों की सुरक्षा को ठेंगा दिखाते हुए जनपद पीलीभीत के थाना गजरौला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सराय सुंदरपुर टोल प्लाजा पर टोल मैनेजर और स्टाफ द्वारा खुलेआम गुंडागर्दी और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। लखनऊ से पीलीभीत आ रहे एक कार सवार के साथ टोल कर्मियों द्वारा अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट पर आमादा होने की गंभीर शिकायत गजरौला पुलिस से की गई है।

अभिनव सिंह (पुत्र राजबहादुर, निवासी गोदावरी क्षेत्र, थाना सदर कोतवाली) अपनी स्कॉर्पियो कार (संख्या: UP-26AQ-9191) से लखनऊ से पीलीभीत वापस आ रहे थे। सराय सुंदरपुर टोल प्लाजा पर पहुंचने पर उनकी गाड़ी का फास्टैग पूरी तरह रिचार्ज होने के बावजूद, टोल कर्मियों ने अवैध उगाही की नीयत से उन पर एक अज्ञात कोड पर पैसे डालने का दबाव बनाया।

विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश जब कार सवार अभिनव सिंह ने इस अवैध मांग का विरोध किया और पर्सनल क्यूआर कोड पर पैसे डालने से मना किया, तो टोल पर मौजूद टोल मैनेजर और टोल सुपरवाइजर नितिन कुमार (पुत्र विनोद कुमार, निवासी थाना सिंगाही, लखीमपुर) उग्र हो गए। आरोप है कि दोनों अधिकारियों और स्टाफ ने प्रार्थी के साथ बेहद अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौज की और मारपीट पर आमादा हो गए।

टोल प्लाजा पर खुद को असुरक्षित पाकर पीड़ित ने तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। इसके बाद पीड़ित ने थाना गजरौला प्रभारी निरीक्षक ब्रजवीर सिंह को लिखित तहरीर सौंपकर दोषी टोल मैनेजर और सुपरवाइजर नितिन कुमार के विरुद्ध सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बिजली संकट पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



**एसडीएम ने दिया जल्द सुधार का आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पिछले कुछ दिनों से अघोषित विद्युत कटौती के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बल्कि इसका असर खेती और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर भी साफ देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली की अघोषित कटौती के चलते उनकी फसलों का सूखने का खतरा मंडरा रहा है। इधर भीषण गर्मी के बीच लगातार अघोषित विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के आला अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके बाद तहसील परिसर में पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि फसलें सूख रही है साथ ही बच्चों की पढ़ाई और घरेलू जरूरतें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी ने ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया और भरोसा दिलाया कि जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

## एक नजर

### जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिलाधिकारी आवास का किया गया सूचीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण- मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना (दिनांक 22 मई से 20 जून 2026 तक) के अन्तर्गत जनपद पीलीभीत में प्रगणकों द्वारा क्षेत्र के हर मकान का विवरण दर्ज किये जाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 22 मई, 2026 को प्रगणक सुनीता देवी, सुपरवाईजर हरीश कुमार के द्वारा जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के आवास पर पंहुचकर जिलाधिकारी महोदय, पीलीभीत के आवास का सूचीकरण का कार्य किया गया। जिलाधिकारी महोदय के द्वारा प्रगणक व सुपरवाईजर का स्वागत करते हुए उन्हे भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण- मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना के कार्य को पूर्ण मनोयोग से करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही उन्हे जनगणना-2027 के प्रमुख एवं व्यवहारिक महत्व/लाभ से भी अवगत कराया गया।



### बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के नगर एवं ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाने के उद्देश्य से हुई।



बिल्सी नगर के गेस्ट हाउस में हुई इस बैठक की अध्यक्षता जिला सोशल मीडिया संयोजक अनुराग दीक्षित और जिला मंत्री रचना शंखधार ने की। इसमें भाजपा बिल्सी नगर एवं ग्रामीण मंडल के सभी शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी और शक्ति केंद्र प्रवासियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। भाजपा नगर अध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी ने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और लोगों को भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दें। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं की समस्याओं को भी सुना गया और उनके समाधान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पति ओमप्रकाश सागर, जिला सोशल मीडिया संयोजक अनुराग दीक्षित, जिला मंत्री रचना शंखधार, नगर अध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राहुल देव शाक्य सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 'गुरु दक्षिणा' के दम पर दौड़ रहे अवैध अस्पताल

- कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** इस्लामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र इन दिनों बिना पंजीकरण और मानक विहीन चल रहे निजी अस्पतालों का सबसे बड़ा गढ़ बन चुका है। कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों की गलियों में खुले ये अस्पताल श्इलाजश के नाम पर सीधे तौर पर मौत का व्यापार कर रहे हैं। हैरत की बात यह है कि इन अवैध अड्डों की सूची और शिकायतें बार-बार अधिकारियों की मेज तक पहुंचती हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल सन्नाटा पसरा रहता है। स्थानीय सूत्रों और विश्वसनीय दावों के अनुसार, इस पूरे खेल के पीछे स्वास्थ्य विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों को मिलने वाली मोटी 'गुरु दक्षिणा' (मासिक बंधी रकम) है, जिसके रसूख के आगे मरीजों की जिंदगी और सरकारी नियम-कानून पूरी तरह बौने साबित हो रहे हैं।

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और दबे सुरों में बात करने वाले विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि इस्लामनगर क्षेत्र के इन फर्जी क्लिनिक और नर्सिंग होम संचालकों ने अधिकारियों से श्सुरक्षा कवचश खरीद रखा है। हर महीने तय तारीख पर एक बड़ी रकम (सुविधा शुल्क) कथित रूप से जिम्मेदार नुमाइंदों तक पहुंचा दी जाती है। यही कारण है कि जब भी उच्च स्तर से या शासन की सख्ती पर कोई टीम क्षेत्र में निरीक्षण के लिए आती है, तो इसकी भनक पहले ही अस्पताल संचालकों को लग जाती है। टीम के पहुंचने से आधा घंटा पहले ही अस्पतालों के शटर गिर जाते हैं और कागजी खानापूर्ति कर टीम वापस लौट जाती है। इस्लामनगर सीएससी के दायरे में आने वाले दर्जनों फर्जी अस्पताल चल रहे इन अस्पतालों की हकीकत बेहद डरावनी है।अवैध ऑपरेशन थियेटर बिना किसी वैध डिग्री के, बीएचएमएस या बीएएमएस पास और कई बार तो सिर्फ कंपाउंडर ही धड़ल्ले से पेट के बड़े ऑपरेशन (सर्जरी) और सिजेरियन प्रसव कर रहे हैं।

इन भवनों के पास न तो फायर विभाग की एनओसी है, न प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का सर्टिफिकेट और न ही बायो-मेडिकल वेस्ट (अस्पताल के कचरे) के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र में सेंटरों के अंदर बिना ड्रग लाइसेंस के भारी मात्रा में प्रतिबंधित और नशीली दवाइयों का स्टॉक रखा जाता है, जिसका इस्तेमाल मरीजों को बेहोश करने या अवैध गर्भपात के लिए किया जाता है।

## जब तक लाश नहीं गिरती, तब तक फाइल नहीं खुलती

क्षेत्रीय जनता का सबसे बड़ा आरोप यह है कि स्वास्थ्य विभाग का श्हंटरश तभी निकलता है। जब कोई अप्रिय घटना हो जाती है। कुछ समय पूर्व हुई घटनाओं पर एक नजर डालते है। मौर्य हेल्थ केयर सेंटर को हाल ही में सील कर दिया है। इस अवैध क्लिनिक में गलत इलाज और गैर-कानूनी गर्भपात के कारण एक महिला की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया। न्यू अपोलो अस्पताल नवादा बिना पंजीकरण चल रहे इस अस्पताल में मरीज के गलत इलाज का मामला सामने आने पर पंजीकरण सेल अधिकारी ने इसे सील करने का नोटिस जारी किया। कादरचौक में पंजीकरण के नियमों के उल्लंघन हुआ एमबीबीएस के नाम पर पंजीकरण कराकर बीएएमएस डॉक्टरों द्वारा संचालन के कारण यहां के ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया गया। वहीं एसीएमओ की टीम ने बिना पंजीकरण घर में चल रहे शशिवाला प्रसव केंद्र सहित दो अवैध क्लीनिकों को रंगे हाथों पकड़कर सील किया।

## ग्रामीणों में आक्रोश, सीधे शासन को भेजी जा रही है खुफिया रिपोर्ट

इस्लामनगर और आसपास के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अब जिले के अधिकारियों पर भरोसा जताने के बजाय सीधे मुख्यमंत्री पोर्टल, बरेली मंडल के कमिश्नर और लखनऊ स्वास्थ्य महानिदेशालय को साक्ष्यों के साथ गुप्त शिकायतें भेजना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक भ्रष्टाचार की इस 'गुरु दक्षिणा' संस्कृति पर चोट नहीं की जाएगी और सांठगांठ करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक इस्लामनगर के गरीब मरीजों को इन झोलाछाप श्यमदूतोंश के चंगुल से नहीं बचाया जा सकता। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ रोहित कुमार से जानकारी लेनी चाहिए उन्होंने ने फोन नहीं उठाया।

### बरखेड़ा ब्लॉक प्रमुख रामदेवी गंगवार का आकस्मिक निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बीसलपुर।** भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष, कमलेश कुमार गंगवार की माता एवं बरखेड़ा ब्लॉक प्रमुख रामदेवी गंगवार का शुक्रवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री संजय गंगवार, पीएसयू अध्यक्ष सुरेश गंगवार, पूर्व राज्यमंत्री हेमराज वर्मा, बीजेपी विधायक स्वामी प्रवक्तानंद सहित तमाम भाजपा नेताओं और जनपदवासियों ने शोक संदेश व्यक्त की है। शुक्रवार शाम 4 बजे परिजनों की मौजूदगी में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती रामदेवी गंगवार का अंतिम संस्कार बरखेड़ा के श्मशान स्थल पर किया गया।

# तहसील के कार्यरत कर्मचारी भुखमरी के कगार पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** तहसील में तैनात दर्जन भर से अधिक कर्मचारियों के वेतन को लगभग 3 महीने से ज्यादा हो गए हैं जिनका वेतन तहसील प्रशासन ने नहीं जारी किया है जिससे उनका परिवार मुखमरी के कगार पर पहुंच गया है तहसील सहसवान में तैनात कर्मचारी लगभग एक दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों के वेतन रुक जाने से परिवार मुखबारी के कगार पर पहुंच गया है परिवारों में आर्थिक संकट छा गया है बच्चों की पढ़ाई लिखाई से लेकर इस भीषण गर्मी में बच्चे बीमार हो रहे हैं उनका भी इलाज करने के लिए कर्मचारी मजबूर है सवाल उठता है कि जब कर्मचारियों की तनख्वाह किस वजह से रोकी गई है इसका जवाब अधिकारियों के पास नहीं है कर्मचारियों ने दबी जुबान से बताया की परिवार की हालत नाजुक हो रही है जिससे कोई बड़ी घटना भी परिवार में हो सकती है लेकिन अधिकारी कुंभकरण की नींद सोए हुए हैं जो एक बहुत बड़ी चिंता का विषय है सरकारी कर्मचारी अपने परिवार को पालने के लिए महीने में ही तनख्वाह पाकर ही गुजर बसर करता है लेकिन कर्मचारियों का परिवार बच्चों की फीस, राशन, मकान का किराया सहित कई उलजनों से जी रहा है लेकिन अधिकारी चुप्पी साधे नजर आ रहे हैं इस बाबत अधिकारियों से वार्ता करने की कोशिश की गई तो फोन रिसीव नहीं हुआ।

# भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त

- अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 एवं 2025 में वैश्विक स्तर पर सामान्य से अधिक गर्मी रिकार्ड की गयी थी वर्ष 2026 में भी सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। ग्रीष्म ऋतु का आरम्भ हो रहा है तथा इसी के क्रम में भारतीय मौसम विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 07 मार्च 2026 को निर्गत किये गए सामन्य से अधिक तापमान सम्बन्धी अभिलेख के अनुसार आगामी दिवसों में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में तापमान के सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक, जबकि प्रदेश के कुछ भागों में सामन्य से 5-8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने का अनुमान है। गर्मी के सम्पर्क में आने से मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल परिणामों का खतरा बढ़ जाता है, जो कि रक्त परिसंचरण में गड़बड़ी और इन्फ्लेमेटरी कारकों का कारण होता है। प्रचार माध्यमों पर हीट वेव/लू की चेवावनी पर ध्यान दें। अधिक से अधिक पानी पियें यदि प्यास न लगी हो तब भी। हल्के रंग के पसीना सोखने वाले हल्के वस्त्र पहने। धूप के चश्में, छाता टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में काम करते है तो चेहरा, हांथ, पैरों को गीले कपडों से ढके रहे तथा छाते का प्रयोग करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाए। ओआरएस घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नींबू पानी, छांछ आदि का उपयोग, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, शरीर का तापमान 103 डिग्री फार्नेहाइट से अधिक होना, हीट कैम्प के लक्षणों जैसे-कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आकद पहचानें। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते है तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।

जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें तथा उन्हे पर्याप्त पानी पीने दें। अपने घरों को ठण्डा रखें पर्दे दरवाजे आदि का उपयोग करें। तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें।

पंखे गीले कपडों का उपयोग करें ताकि बारम्बार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। दोपहर 12 से 03 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहने। अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें, रसोई वाले स्थान को ठण्डा करने के लिए दरवाजे तथा खिड़की खोल दें।

शराब, चाय, काफी, कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक आदि के उपयोग करने से बचें, क्यों कि यह शरीर में निर्जलीकरण करता है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोंधा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" द्वारा फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।



इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में राजकुमार "राजू" ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, एकता, संघर्ष एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है तथा युवाओं को नशे एवं सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान राजकुमार "राजू" ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अमर सिंह, सतीश वर्मा, ओम शर्मा, इंद्रपाल, रवि मिश्रा, अवधेश भारती, मोहित वर्मा, महेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रहण अभिकरण इकाई का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायू।** अरूण कुमार अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में जिला निरीक्षरण समिति जनपद बदायूं शहर के मोहल्ला नकपुर के गली नं 01 में संचालित स्वैच्छिक संगठन दलित ग्रामीण विकास संस्थान बदायूँ द्वारा संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाई व महिला अस्पताल में संचालित राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण अभिकरण में रह रहे अनाथ बच्चों के खाने पीने तथा उचित देखभाल और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।



स्वैच्छिक संगठन दलित ग्रामीण विकास संस्थान बदायूं द्वारा संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाई से सचिव अनूप सक्सेना ने अवगत कराया कि वर्तमान में संस्था में 04 बच्चें संवासित है सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है सभी बच्चें स्वस्थ है व बच्चों की लीगल प्रक्रिया चल रही है 02 बच्चों का दत्तक कराया गया है तथा प्रबंधक समन्वयक राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण अभिकरण द्वारा बताया गया की संस्था में रह रहे 02 बच्चें संवासित है जिसका स्वास्थ्य सामान्य पाया गया। एक बच्चे की लीगल प्रक्रिया चल रही है अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये गृहो की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये गृह में आने जाने वाले व्यक्तियों की पूर्ण जानकारी पंजिका में दर्ज की जाये बच्चो की सुरक्षा हेतु शासनादेश मे निर्धारित मानकों से कोई समझौता न किया जाये समस्त गृहो से सम्बंन्धित दस्तावेज सुव्यवस्थित रखे जायें जिला प्रोबेशन अधिकारी को उक्त कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षरण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ मोहम्मद तहसीन, उप निरीक्षक, इन्द्रपाल सिंह, क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट, सर्वेश दास, जिला कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, प्रमिला गुप्ता, सदस्य बाल कल्याण समिति, सविता मालपाणी, संरक्षण अधिकारी सांस्थानिक, प्रीती कौशल, संरक्षण अधिकारी गैर सांस्थानिक रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

# वित्तीय अनियमितता पर बड़ी कार्रवाई




**शेरपुर कलां प्रधान के अधिकार सीज, सचिव पर विभागीय जांच के आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** आकांक्षी ब्लॉक पूरनपुर की दूसरी सबसे बड़ी ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन ने कड़ा एक्शन लेते हुए ग्राम प्रधान जानें आलम के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। साथ ही पंचायत सचिव विजय कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

शेरपुर कलां, ग्राम पंचायत निधि के उपयोग में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं। गांव के लोगों द्वारा विकास कार्यों में गड़बड़ी और धन के दुरुपयोग की शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद उच्चाधिकारियों ने मामले की जांच कराई। जांच रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि हुई। रिपोर्ट के आधार पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने कार्रवाई की। ग्राम प्रधान जानें आलम के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार तत्काल प्रभाव से सीज कर दिए गए हैं। अब प्रधान पंचायत निधि से कोई भुगतान नहीं कर सकेंगे।पंचायत सचिव विजय कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। उन पर निगरानी में लापरवाही और अनियमितता में संलिप्तता का आरोप है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने कार्रवाई की पुष्टि की है। पूरनपुर को नीति आयोग ने आकांक्षी ब्लॉक घोषित किया है। यहां विकास योजनाओं पर विशेष फोकस है। ऐसे में दूसरी सबसे बड़ी ग्राम पंचायत में वित्तीय गड़बड़ी का मामला गंभीर माना जा रहा है। सरकार आकांक्षी ब्लॉकों में पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर दे रही है। प्रधान के अधिकार सीज होने के बाद ग्राम पंचायत के कामकाज के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। आमतौर पर ऐसे मामलों में प्रशासक नियुक्त कर या समिति गठित कर काम चलाया जाता है। सचिव विजय कुमार के खिलाफ विभागीय जांच में आरोप सिद्ध होने पर निलंबन या बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है, फिलहाल प्रशासन आगे की जांच और रिकवरी की प्रक्रिया में जुटा है।

### बीसलपुर लाइफ लाइन अस्पताल में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** नगर के भड़रिया मोड़ स्थित बीसलपुर लाइफ लाइन अस्पताल ने क्षेत्रीय और ग्रामीण मरीजों के लिए अपने स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे को और बढ़ा दिया है। अस्पताल प्रबंधन ने आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ अब जांच और उपचार शुल्क में भारी छूट देने का बड़ा ऐलान किया है।

अस्पताल के सुचारू संचालन और बेहतर प्रबंधन के लिए बीसलपुर निवासी राजेश सिंह को मुख्य प्रबंधक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार आने की उम्मीद है। अस्पताल संचालक एवं प्रसिद्ध न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. सतीश चंद्र ने बताया कि इस अस्पताल को खोलने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा: गंभीर मरीजों की जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। यदि समय पर सही उपचार मिल जाए, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

### मंडी समिति में शीतल जल टंकी बनी शोपीस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** तहसील बीसलपुर स्थित मंडी समिति परिसर में किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए लगाई गई शीतल जल टंकी लंबे समय से खराब पड़ी है। भीषण गर्मी के दौर में दूर-दराज से मंडी आने वाले किसान, सब्जी विक्रेता और खरीददार ठंडे पानी की उम्मीद में टंकी तक पहुंचते हैं, लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें निराशा हाथ लगती है।

मंडी परिसर में लगी टंकी पर "शीतल जल" लिखा होने के कारण प्यासे लोग उसकी ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन पास जाकर देखने पर पता चलता है कि टंकी की टोटी तक गायब है और काफी समय से यह बंद पड़ी हुई है। मंडी समिति के अंदर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले तक यह टंकी चालू थी, लेकिन उसके बाद से इसकी कोई मरम्मत नहीं कराई गई। भीषण गर्मी में किसान मंडी में घंटों तक अपनी उपज बेचने और खरीददारी के लिए मौजूद रहते हैं। ऐसे में शीतल पेयजल की व्यवस्था न होना मंडी प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। हालांकि परिसर में सरकारी नल मौजूद है, लेकिन शीतल जल टंकी सही हालत में होती तो लोगों को गर्मी से काफी राहत मिल सकती थी।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित सौ से अधिक लोगों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में शुक्रवार 22 मई को इंडियाब फाउंडेशन के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हिंदू राव अस्पताल, दिल्ली की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुनीता सिंह,एमबीबीएस,एमडी ने मधुमेह,रक्तचाप व मोटापे की जांच की।

डॉ. सुनीता सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बदलती जीवनशैली के कारण शुगर,बीपी और मोटापे के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने जांच के साथ-साथ इन बीमारियों से होने वाले हृदय रोग,किडनी फेल्योर व स्ट्रोक जैसे गंभीर नुकसानों की जानकारी दी। बचाव के लिए डॉ. सिंह ने नियमित व्यायाम,संतुलित भोजन, तनाव से दूरी और नमक-चीनी का सीमित सेवन करने की सलाह दी।

इंडियाब फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण जनता को जीवनशैली जनित रोगों के प्रति जागरूक करना है। शिविर में लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व ग्रामीणों की शुगर, बीपी एवं वजन की जांच कर नि:शुल्क परामर्श दिया गया। शिविर के आयोजन के लिए ने अनुमति प्रदान कर सहयोग के लिए कालेज को धन्यवाद दिया।कालेज के उप-प्रबन्धक पंडित श्यामपाल पाठक व प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने डॉ सुनीता सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रबंधक श्यामपाल पाठक,प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा,सेवानिवृत एडीएम कुलदेव सिंह,हेमेंद्र सिंह,एडवोकेट राजीव चोधरी,चौधरी सूरज पाल सिंह,सुभाष चौधरी,सर्वेश पाठक फौजी,संजय उपाध्याय,संजीव कुमार पाठक,रामबहादुर शंखधार,अश्वनी शर्मा,आकाश कश्यप,प्रसुनिका शर्मा,रविन्द्र कटिया एवं फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# घरेलू विवाद में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बीसलपुर।** तहसील बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम गुलेदा गोटिया में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक 45 वर्षीय महिला ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ घटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुलेदा गोटिया निवासी रामशिला (उम्र 45 वर्ष) पत्नी बाबूराम का शुक्रवार को किसी बात को लेकर घर में ही विवाद हो गया था। घरेलू विवाद से क्षुब्ध होकर रामशिला ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में जब उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेसुध होने लगीं, तो परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने बिना समय गंवाए गंभीर हालत में रामशिला को बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने तुरंत उनका इलाज शुरू किया, लेकिन स्थिति नियंत्रण में न आते देख और हालत बेहद नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर कर दिया फिलहाल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

# तालीम मौजूदा वक्त में सभी की जरूरत: उवैसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा में जलसा ए दस्तारबंदी व फातिहा का आयोजन मदरसे के प्रिंसिपल मो. इफ्तेखार अशरफी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मदरसे से फारिग होने वाले मो. आमिर रजा को हिफ्ज ए कुरआन की डिग्री से नवाजा गया।



आखिर में मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। जलसे का आगाज कारी अब्दुल गफ्फार साहब ने कलाम ए पाक की तिलावत से किया। मुख्य अतिथि कादरी मस्जिद के इमाम मौलाना अफलाक रजा उवैसी ने कहा कि तालीम मौजूदा वक्त में सभी की जरूरत है। तालीम हासिल करने के लिए हमें कहीं भी जाना पड़े तो इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना मो. बिलाल रजा ने अपनी तकरीर में कहा कि आज वक्त की जरूरत है कि हम दीनी व दुनियावी दोनों तालीम हासिल करें। मस्जिद बिलाल के इमाम हाफिज शादाब रजा उवैसी ने नमाज और अल्लाह का जिक्र करने की नसीहत करते हुए सभी से दिन के रास्ते पर चलने की दरखास्त की। जलसे की सरपरस्ती हाफिज शरीफ जामी ने की। आखिर में मदरसे के प्रिंसिपल मो. इफ्तेखार अशरफी ने आए हुए मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मौलाना मो. असलम रजा, मो. इसहाक सैफी, मो. मुबीन आदि मौजूद रहे।

# ईदुल्जुहा ( बकरीद ) पर्व के अवसर पर संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित

## कंट्रोल रूम स्थापित, शिकायतों के लिए हेल्पलाइन जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ईदुल्जुहा (बकरीद) का त्यौहार स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार 28 मई 2026 को मनाया जाना सम्भावित है। इस अवसर पर मुस्लिम सम्प्रदाय के शिया-सुन्नी वर्ग द्वारा जनपद के प्रमुख ईदगाहों/मस्जिदों में सामूहिक रूप से नमाज अदा की जाती है और जानवरों की कुर्बानी किये जाने की परम्परा है। कुर्बानी कार्यक्रम तीन दिन तक चलता है। पर्व के अवसर पर छोटी-छोटी बातों को लेकर एका-एक तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो जाती है और अवांछनीय तत्व स्थिति का लाभ उठाकर साम्प्रदायिक दुर्भावना फैलाने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी दृष्टि रखी जाये तथा मस्जिदों व ईदगाहों के आस-पास विशेष सतर्कता बरती जाये। संवेदनशील स्थानों पर चौकसी एवं जिले में सौहार्द का वातावरण कायम रहे, इसके लिए समुचित प्रबन्ध पूर्व से ही सुनिश्चित कर लिये जायें, ताकि त्यौहार पर अमन-चौन कायम रहे तथा कट्टरपंथियों, असामाजिक तत्वों एवं समाज विरोधी ताकतों द्वारा कुत्सित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ऐसे कार्य न किये जा सकें, जिससे कानून व्यवस्था/साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो। उन्हें पूर्व से ही चिन्हित करके उनकी गतिविधियों पर निरन्तर कड़ी दृष्टि रखना आवश्यक है।



उन्होंने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनाये रखने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है जिसमें ईदगाह चौराहा रामपुर में तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार चौरसिया, जामा मस्जिद पर नायब तहसीलदार सदर मानवेन्द्र सिंह, थाना कोतवाली में नायब तहसीलदार सदर देवेश पाण्डेय, थाना गंज में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, थाना सिविल लाइन में चकबन्दी अधिकारी आदित्य कुमार, थाना टाण्डा में तहसीलदार टाण्डा निश्चय कुमार, थाना स्वार में तहसीलदार स्वार आकाश सन्त, थाना अजीतनगर में खण्ड विकास अधिकारी सैदनगर प्रदीप चौधरी, थाना मिलक खानम में नायब तहसीलदार स्वार लोकेश कुमार, थाना बिलासपुर में तहसीलदार बिलासपुर शिव कुमार शर्मा, थाना खजुरिया में खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर पीयूष वर्मा, थाना केमरी में नायब तहसीलदार बिलासपुर अंकुर अंतल, थाना भोट में खण्ड विकास अधिकारी चमरौआ प्रमोद सिंह, थाना मिलक में नायब तहसीलदार मिलक अंकित अवस्थी, थाना शहजादनगर में खण्ड विकास अधिकारी मिलक राजेश कुमार, थाना सैफनी में खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद धीरेन्द्र पाल सिंह, थाना शाहबाद में तहसीलदार शाहबाद अमित कुमार सिंह, थाना पटवाई में नायब तहसीलदार शाहबाद हरीश चन्द्र जोशी एवं महिला थाना में समाज कल्याण अधिकारी (विकास) प्रज्ञा वाजपेयी की ड्यूटी लगाई गई है।

समस्त अधिकारीगण इस त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क एवं भ्रमणशील रहकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेगें। यदि किसी क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसका तत्काल स्थल पर ही दृढ़तापूर्वक समाधान करते हुए उसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देगें।

समस्त अधिकारीगण अपना मोबाइल नम्बर (24 घण्टे) चालू रखेगें और कोई भी अधिकारी पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। पुलिस अधीक्षक इस अवसर पर लगाये गये अधिकारियों के साथ आवश्यक स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था समय पूर्व अपने स्तर से करायेंगे। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट/क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उत्तरदायी एवं प्रभारी रहेगें तथा अपने-अपने परगना क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकतानुसार क्षेत्र से सम्बन्धित अधिकारियों की ड्यूटी लगायेगें। इसके अतिरिक्त अपने-अपने क्षेत्रों में ईदगाह के आसपास तथा ईदगाह को आने-जाने वाले मार्गों की समुचित सफाई व्यवस्था समय से पूर्व कराना सुनिश्चित करें तथा इस व्यवस्था के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित कर लें कि नमाज के समय कोई भी अवांछनीय तत्व या जानवर नमाजियों के पास ईदगाह में न घुसने पायें तथा किसी भी स्थिति में कोई नई परम्परा प्रारम्भ करने की अनुमति न दी जाये।

उन्होंने बताया कि पर्व के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय एवं सम्वाद हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित कन्ट्रोल रूम रहेगा, जिसका दूरभाष नम्बर 8445161506 9068302632, 0595-2350404 एवं व्हाटसएप नम्बर-9045299525 है। कन्ट्रोल रूम में अवर अभियन्ता सिंचाई नरेश सिंह की डयूटी कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों/समस्याओं के निस्तारण हेतु लगायी गई है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ प्रशासन का सख्त अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **20 खाद्य नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए, मिलावट पाए जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई**
- **जिलाधिकारी के निर्देश पर चला विशेष छापामार अभियान, दूध, जूस, दाल और अन्य खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने**

**रामपुर।** जनपद में आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष छापामार अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए गए। ग्राम सिमरिया, तहसील मिलक स्थित मैसर्स बाला जी आईसक्रीम से आईसकैण्डी घोल का नमूना लिया गया। वहीं शाहबाद रोड स्थित अजीतपुर पुलिस चौकी के निकट विभिन्न दूध विक्रेताओं से दूध के नमूने संग्रहित किए गए।

इसके अतिरिक्त रामपुर रोड, स्वार स्थित प्रतिष्ठान से अरहर दाल एवं साबुत धनिया के नमूने लिए गए। भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के निकट स्थित प्रतिष्ठान से मिक्स जूस का नमूना लिया गया।

मिलक क्षेत्र स्थित किराना स्टोर से पैक्ड चाय का नमूना भी जांच हेतु एकत्र किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लालपुर, टांडा, मुरादाबाद रोड, विक्रमपुर रोड, मिलक तथा अन्य क्षेत्रों में भी अभियान चलाते हुए दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। विभिन्न स्थानों पर जूस, डेयरी उत्पाद एवं दूध की गुणवत्ता की जांच के लिए विधिक नमूने लिए गए। सहायक आयुक्त (खाद्य) सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 20 विधिक नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट की प्रकृति के अनुसार संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, देवकान्त, शहाबुद्दीन दोस्त, धर्मपाल सिंह एवं अजरा बी मोहम्मद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूसी के बंगों में अचानक लगी आग से लाखों का नुकसान दमकल टीम ने पाया आग पर काबू

**( हामिद रज़ा खाँ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** घटना थाना क्षेत्र के धमोरा स्थित रठौड़ा रोड पर शुक्रवार दोपहर की है। धमोरा निवासी भूसा व्यापारी महेंद्र पाल गुप्ता जो कि पेशे से भूसा व्यापारी है। इन दिनों उनके रठौंडा रोड स्थित फड़ पर कुछ भूसी बोंगे लगे हुए थे। इस दौरान पड़ रही भीषण गर्मी के चलते किसी तरह प्राल से बंधे भूसी के बोंगो ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया और प्लांट में लगे अन्य बोंगे एक दूसरे की चपेट में आ गए। जिसके चलते लंबी-लंबी आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों की भीड़ लगने लगी है।

जिसके बाद सूचना पर भूसा व्यापारी और अन्य सहयोगी भी मौके पर पहुंच गए। धमोरा चौकी पुलिस व थाना प्रभारी कुलदीप राणा भी अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद आग बुझाने के लिए दमकल की तीन गाड़ियां आनन फानन में पहुंच गई और आग बुझाना शुरू कर दिया। इस दौरान घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक लाखों रुपए की भूसी जलकर राख हो चुकी थी।



### दमकल की टीम ने दो घंटे में पाया आग पर काबू

धमोरा में भूसा व्यापारी के भूसी के आठ बोंगो में लगी को बुझाने के लिए अग्निशमन की तीन गाड़ियों की टीम को लगाना पड़ा। इस दौरान दमकल की तीनों गाड़ियों की टीम को आग पर काबू करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जिसके चलते दमकल की तीन गाड़ियों ने तीन बार अपने अपने पानी के टैंकों को भरकर लगभग एक लाख लीटर पानी से भूसी में लगी आग पर तकरीबन दो घंटे में काबू पाया। जिसके चलते दमकल के सभी अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। जिसके चलते ग्रामीणों ने भी दमकल अधिकारियों की मदद में सहयोग करते नजर आए।

# स्वार टांडा में ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ, विधायक ने दिखाई हरी झंडी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए शुरू की गई ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ स्वार विधानसभा में किया गया।

विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपना दल एस कैंप कार्यालय, स्वार टांडा 3 बसों को हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा योगी सरकार की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों, छात्रों और महिलाओं को सस्ती व सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिलेगी।

अब गांव से शहर आना-जाना आसान होगा। ये डबल इंजन सरकार की गांव-गरीब तक विकास पहुंचाने की सोच का नतीजा है। नई बस सेवा स्वार से रामपुर, बिलासपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ेगी। स्थानीय लोगों ने सरकार और विधायक का आभार जताया। कार्यक्रम में अपना दल एस के जिला व विधानसभा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

इस दौरान महेंद्र सैनी,बस यूनियन अध्यक्ष जय दीप सिंह सोनू ,देवेंद्र दिवाकर,जय वर्धन मौर्य,पवन शर्मा,हामिद अल्वी, नाहिद खां ,इस्लाम मेंबर ,हामिद खान, पंकज सैनी, दीपक नागर ,रईस अहमद, परवेज खां, हरजीत सिंह गोराया,अर्शदीप सिंह खेड़ा, लक्की शर्मा,इदरीस पठान आदि मौजूद रहे।

# नरपतनगर में भावाधस की बैठक आयोजित

## 24 मई को मुरादाबाद में मनाया जाएगा 62 वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) का 62वां स्थापना दिवस आगामी 24 मई को जिला पंचायत भवन, मुरादाबाद में बेहद धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत नरपतनगर में भावाधस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संगठन के नगर अध्यक्ष राजू वाल्मीकि ने आगामी कार्यक्रम के पोस्टर जारी किए और वाल्मीकि समाज के लोगों से इस स्थापना दिवस को ऐतिहासिक और सफल बनाने की भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और अधिकारों की लड़ाई में भावाधस का यह स्थापना दिवस एक मील का पत्थर साबित होगा, इसलिए अधिक से अधिक संख्या में लोग मुरादाबाद पहुँचें। बैठक में आशीष कुमार, नितिन, सोनू, विशाल, मनोज, जैम्स, संजीव, अजय, दिनेश, तुषार, संजय आदि सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस समारोह में नरपतनगर से भारी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।



# सड़क निर्माण के लिए सुनील यादव ने मुख्यमंत्री को भेजा रक्त से लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने रक्त से पत्र लिखा है। सुनील ने रक्त पत्र में लिखा है कि जिला रामपुर के ब्लॉक चमरौआ अंतर्गत ग्राम रायपुर से वजीरनगर होते हुए पंजाब नगर तक जाने वाला लगभग 3 किमी मार्ग 15 साल से जर्जर अवस्था में है। इस मार्ग से ही शिव मंदिर पंजाब नगर जाने वाले शिव भक्तो का भी आवागमन बाधित है पूर्व में जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। सुनील ने बताया कि इस सड़क निर्माण हेतु ग्रामवासियों द्वारा कई बार धरने प्रदर्शन किए है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। यह मार्ग रायपुर, रायपुर का मझरा, अहमद नगर थैगा, वजीरनगर,



बिजईया, चिकटीरामनगर, टिकटगंज, नवीगंज गाँव को भी जोड़ने का काम करता है। इस रास्ते पर पुलिया खराब होने के कारण शादी मंडेयान गाँव का पानी भी फसलों को खराब करता है यदि सड़क और पुलिया का निर्माण हो जाएँ तब पानी कि समस्या से भी राहत मिलेगी। सुनील नें बताया पूर्व में जब जनसुनवाई पोर्टल और जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिए गए तब बहुत से विभागों नें संज्ञान लेने का प्रयास तो किया परन्तु वह यह जानकारी नहीं जुटा पाएं कि वर्षो पहले सड़क निर्माण किस विभाग द्वारा किया गया।

# तेज रफ्तार डंपर से बचने में बाइक गढ्डे में गिरी, महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम माडिया बड़े से पटवाई जाने वाले मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार एक महिला की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम जैतोली निवासी करीब 50 वर्षीय सोमवती पत्नी सियाराम बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रही थीं। इसी दौरान माडिया बड़े से पटवाई वाले रास्ते पर सामने से तेज रफ्तार में एक डंपर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डंपर की गति काफी तेज थी, जिससे बाइक



चालक घबरा गया और वाहन को बचाने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में सोमवती गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें उठाकर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस फरार डंपर और चालक की तलाश में जुटी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार आए दिन हादसों का कारण बन रही है। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था और तेज गति से चलने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# गीदड़ के हमले में तीन वर्षीय मासूम घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के खेड़ा गांव में शुक्रवार को एक गीदड़ के हमले में तीन वर्षीय मासूम घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घायल बच्चे को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार, खेड़ा गांव निवासी इस्लाम का तीन वर्षीय बेटा अर्श घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान जंगल की ओर से आए एक गीदड़ ने अचानक बच्चे पर हमला कर दिया। गीदड़ ने बच्चे को काट लिया, जिससे वह घायल हो गया और जोर-जोर से रोने लगा। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। लोगों को अपनी ओर आता देख गीदड़ मौके से भाग निकला। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया है। परिजन घायल बच्चे को तुरंत सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया और एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाया। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव के आसपास गीदड़ों की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है।

# प्रगणकों ने घर-घर पहुंचकर जुटाई जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला सादात में शुक्रवार को जनगणना कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत में तैनात प्रगणक सैयद मुजीब मियां एवं विजय कुमार ने सुबह से ही क्षेत्र में पहुंचकर घर-घर जाकर लोगों की जानकारी एकत्रित की। जनगणना कार्य को लेकर मोहल्ले में जागरूकता और उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रगणकों ने प्रत्येक घर पर पहुंचकर परिवार के सदस्यों से आवश्यक जानकारी ली तथा जिन लोगों ने पहले से अपना ऑनलाइन डाटा सबमिट कर दिया था, उनसे उनकी आईडी और संबंधित विवरण प्राप्त किए। वहीं जो लोग किसी कारणवश ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे, उनका डाटा मौके पर ही ऑनलाइन दर्ज कराया गया। इस दौरान लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

प्रगणक सैयद मुजीब मियां ने बताया कि यह कार्य प्रथम अंतममलजं के आधार पर किया जा रहा है और उनकी पूरी कोशिश है कि निर्धारित



समय सीमा के भीतर जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को परेशानी न हो, इसके लिए पूरी सावधानी और सरल प्रक्रिया अपनाई जा रही है। मोहल्ला सादात के लोगों ने भी प्रगणकों के कार्यशैली की सराहना की।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सैयद मुजीब मियां लोगों से बेहद विनम्रता और अपनत्व के साथ जानकारी जुटा रहे हैं, जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा महसूस नहीं हो रही। उनके व्यवहार और कार्य के प्रति समर्पण को देखकर यह स्पष्ट होता है कि वह अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। जनगणना कार्य के दौरान लोगों से सही एवं पूर्ण जानकारी देने की अपील भी की गई, ताकि शासन को सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें और भविष्य की योजनाओं का लाभ आम जनता तक बेहतर तरीके से पहुंच सके।

# गेस्ट हाउस के पास कूड़े में आग लगने से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** शुक्रवार को नगर शाहबाद पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास कूड़े में किन्हीं कारण से आग लग गई जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप पहुंच गया आग की लफ्ट तेज जलते हुए देख शाहबाद अग्निशमन की टीम को सूचना दी जिस पर मौके पर अग्निशमन टीम ने पहुंचकर आग को काबू में किया जिससे आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

# शाहबाद में अनियंत्रित टेंपो पलटा, महिला समेत कई सवारियां घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के रामपुर चौराहे की ओर आने-जाने वाले टेंपो लगातार लोगों की जान के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। आए दिन हो रहे हादसों के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। शुक्रवार को पटवाई की तरफ से शाहबाद आ रहा एक टेंपो रामपुर चौराहे से कुछ दूरी पहले अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में महिला सवारी समेत कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार चंदौसी निवासी पुष्पा अपनी बहन के घर मिलक गई थीं। शुक्रवार को वह टेंपो से शाहबाद होते हुए अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान शाहबाद पहुंचने से पहले टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की। घटना में घायल पुष्पा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहबाद में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। वहीं अन्य सवारियों को मामूली चोटें आईं, जिन्होंने



निजी चिकित्सकों से उपचार कराया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में टेंपो चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# SRH ने RCB को 256 रन का टारगेट दिया

■ ईशान, अभिषेक और क्लासन के अर्धशतक, रसिख सलाम को 2 विकेट



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 256 रन का टारगेट दिया है।

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 255 रन बनाए। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों में 56 रन की पारी खेलकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई, जबकि ईशान किशन ने 46 गेंदों में 79 रन बनाकर पारी को संभाला। हेनरिक क्लासन ने भी 24 गेंदों में 51 रन की पारी खेली। आखिर में नितीश कुमार रेड्डी ने 12 गेंदों में नाबाद 29 रन जोड़कर टीम को 250 के पार पहुंचाया। बेंगलुरु के गेंदबाज पूरी तरह संघर्ष करते नजर आए, जहां रसिख सलाम ने 2 विकेट लिए, जबकि सुयश शर्मा और क्रुणाल पंड्या को 1-1 सफलता मिली। आखिरी ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 9 रन जोड़े और टीम का स्कोर 4 विकेट पर 255 रन तक पहुंचा। रसिख सलाम ने ओवर की आखिरी गेंद पर ईशान किशन को आउट कर उनकी शानदार पारी का अंत किया। किशन ने 46 गेंदों में 79 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। नितीश रेड्डी ने भी अंत में तेज 29 रन जोड़े। बेंगलुरु को 17वें ओवर में विकेट मिला, जब क्रुणाल पंड्या ने हेनरिक क्लासन को आउट कर दिया। क्रुणाल ने लो-आर्म एक्शन से धीमी गेंद डाली, जिस पर क्लासन बड़ा शाट खेलने गए। हालांकि गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं आई और लान्ग आन पर खड़े वेंकटेश अ"यर ने आसान कैच पकड़ लिया। क्लासन 24 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 2 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। हालांकि इसके बाद आए नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर छक्का जड़कर खाता खोला।

फिर अगली ही गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से सिक्स लगा दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 209 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और हेनरिक क्लासन ने सिर्फ 51 गेंदों में 100 रन की साझेदारी पूरी कर ली। रसिख सलाम डार के ओवर में 20 रन बने। ओवर की पहली ही गेंद पर ईशान किशन ने बैक आफ द हैंड स्लोअर बाल को डीप मिडविकेट के ऊपर छक्के के लिए भेज दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार दो चौके जड़ते हुए गेंदबाज पर दबाव बढ़ा दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरिक क्लासन ने 2 रन लेकर इस सीजन की अपनी छठी फिफ्टी पूरी की। ईशान 35 गेंदों में 65 रन और क्लासन 23 गेंदों में 51 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल 2026 में अपना एक और अर्धशतक पूरा किया। 14.2 ओवर में भुवनेश्वर कुमार की फुलटॉस गेंद पर उन्होंने डीप मिडविकेट की ओर एक रन लेकर अपनी फिफ्टी पूरी की। ईशान का यह रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लगातार चौथा अर्धशतक भी रहा। 13वें ओवर में जोश हेजलवुड के इस ओवर में कुल 27 रन आए, जिसमें हेनरिक क्लासन ने तीन छक्के और एक चौका जड़ा। हेजलवुड की यार्कर और स्लोअर गेंदें दोनों ही असरदार नहीं रहीं, जबकि दो वाइड ने बेंगलुरु की मुश्किलें और बढ़ा दीं। क्लासन ने महज 14 गेंदों में 28 रन बना लिए, वहीं ईशान किशन भी 38 रन पर टिके रहे।

## गेंदबाजी में सुधार के लिए मैने अपने वीडियो देखे: मोहम्मद सिराज




**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुजरात टाइटंस के तेज गें. दबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि गेंदबाजी में सुधार के लिए मैंने अपने वीडियो देखे और नई गेंद से अभ्यास किया। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए मोहम्मद सिराज ने कहा कि गेंद मेरे हाथ से काफी अच्छी तरह से निकल रही है। वर्ल्ड कप के ज्यादातर मैचों से मैं बाहर ही रहा था और मुझे खेलने का मौका नहीं मिला था। इसी वजह से गेम के लिए जिस लय की जरूरत होती है, वो मेरे पास नहीं थी। मैं पहले कुछ मैचों में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहा था। लेकिन इसके बाद मैंने अपने वीडियोज देखे और उसके बाद से गेंद अच्छी तरह से पड़ने लगी। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान मैंने अपनी लाइन और लेंथ सुधारने के लिए नई गेंद का प्रयोग किया। इसके बाद यॉर्कर की भी प्रैक्टिस की। लाल मिट्टी वाली पिच पर मैं हमेशा संजू सैमसन से ड्राइव करवाने की को. शिश करुंगा। पावरप्ले में गेंदबाजी करते हुए मेरा काम होता है कि बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर रखूं।

### खेल विशेष

## आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी का करेगा विस्तार

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने पिछले साल शुरु हुई महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी विस्तार करने का फैसला किया है। आईसीसी की गुरुवार को हुई ऑनलाइन मुख्य कार्यकारी की बैठक में यह फैसला लिया गया। नवम्बर 2025 में हुए पहले एडिशन में आठ एसोसिएट टीमें शामिल थीं, लेकिन दूसरे संस्करण में 10 टीमें होंगी, जिसमें पांच टेस्ट खेलने वाले देश शामिल हैं। यह टूर्नामेंट इस साल नवम्बर में आयोजित होगा। 10 टीमों की चैंपियनशिप में श्रीलंका, बंगलादेश, पाकिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के साथ नीदरलैंड्स, स्कॉटलैंड, थाईलैंड, यूएई और पापुआ न्यू गिनी भी शामिल होंगे। जैसा कि इस वेबसाइट ने पहले बताया था।

## नैनीताल में शुरू हुआ 21वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट, 179 गोल्फर ले रहे हिस्सा

**नैनीताल, वार्ता।** उत्तराखंड लोक भवन की ओर से आयोजित 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुक्रवार राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अप्रा) गुरमीत सिंह ने टी-ऑफ कर शुभारम्भ किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतिठित टूर्नामेंट में विभिन्न श्रेणियों के कुल 179 गोल्फर हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ा प्रतियोगिता को पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व0 भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि गवर्नर्स कप केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि उत्तराखण्ड की खेल क्षमताओं और पर्यटन संभावनाओं को राट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का प्रभावशाली मंच है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूड़ी का राट्र और प्रदेश के विकास के प्रति योगदान सदैव प्रेरणादाई रहेगा। टूर्नामेंट में 110 सामान्य श्रेणी, 27 जूनियर खिलाड़ी, 9 महिला खिलाड़ी, 29 वेटरन तथा 4 सुपर वेटरन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## अंडर 18 एशिया कप काकामिगाहारा के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को 18-सदस्ईय भारतीय महिला अंडर-18 टीम की घोाणा की, जो आगामी महिला अंडर 18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। जापान द्वारा आयोजित यह प्रतिठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून, 2026 तक चलेगा। भारतीय टीम भोपाल में राट्रीय शिविर में कई हफ्तों की तैयारी के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रही है, जहां रानी के नेतृत्व वाले कोचिग स्टाफ ने टीम के तालमेल बनाने, मैच फटिनेस सुधारने और रणनीतिक क्रियान्वयन को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। यह टूर्नामेंट स्वीटी कुजूर की कप्तानी वाली युवा भारतीय टीम के लिए एक अवसर के रूप में काम करेगा।

## सानिया और सोमदेव फ्रेंच ओपन का गहन विश्लोण करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, फ्रेंच ओपन 2026 की पूरी कवरेज देने के लिए पूरी तरह तैयार है। 24 मई, 2026 से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में, पूरे भारत के टेनिस प्रेमियों को क्ले-कोर्ट पर होने वाले मुकाबलों का रोमांच देखने को मिलेगा। यह ग्रैंड स्लैम नेटवर्क के स्पोर्ट्स चैनलों पर लाइव दिखाया जाएगा और सोनी लिव पर इसकी लाइवस्ट्रीमिग होगी। यह कवरेज अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भााओं में उपलब्ध होगी। फ्रेंच ओपन, प्रोफेशनल टेनिस की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक माना जाता है। पेरिस की लाल क्ले (मिट्टी) पर ही टेनिस के कुछ सबसे यादगार मुकाबले खेले गए हैं। चोट के कारण कार्लोस अल्काराज के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद, इस ग्रैंड स्लैम में जैनिक सिनर, इगा स्वीयाटेक, आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ जैसे खिलाड़ी मुख्य आर्काण होंगे।

# पंजाब किंग्स के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

■ सीजन के आखिर में अचानक आई गिरावट ने उनके उस अभियान को खतरे में डाल दिया



**लखनऊ, वार्ता।** पंजाब किंग्स को शनिवार को पहले ही बाहर हो चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 'करो या मरो' वाली स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे आईपीएल 2026 प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि सीजन के आखिर में अचानक आई गिरावट ने उनके उस अभियान को खतरे में डाल दिया है, जो कभी खिताब जीतने वाला लग रहा था। 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ 265 रनों का पीछा करने के बाद पंजाब का सीजन एक नाटकीय मोड़ पर आ गया है। एक समय तो वे टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक लग रहे थे,

उन्होंने अपने पहले सात मैचों में से छह जीते थे और खिताब के असली दावेदार लग रहे थे। हालांकि, श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली इस टीम को तब से लगातार छह हार का सामना करना पड़ा है, जिससे वे पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं और उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें बहुत पतली हो गई हैं। पंजाब को अब अपने आखिरी लीग मैच में एलएसजी को हराना होगा और साथ ही रविवार के मैचों के नतीजों का भी अपने पक्ष में आने का इंतजार करना होगा। उन्हें उम्मीद करनी होगी कि मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स, क्रमशः राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से हार जाएं। अगर राजस्थान मुंबई को हरा देता है, तो पंजाब आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा, वहीं अगर केकेआर दिल्ली को हरा देता है, तो नेट रन रेट (एनआरआर) का समीकरण बीच में आ सकता है। फिलहाल, एनआरआर के मामले में पंजाब कोलकाता से थोड़ा आगे है। लेकिन समीकरणों की चिंता करने से पहले, पंजाब को अपनी समस्याओं को ठीक करने की जरूरत है। हाल के खराब प्रदर्शन ने टीम के सभी विभागों की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। उनका आक्रामक टॉप ऑर्डर-जिसमें प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनली शामिल हैं-हाल के मैचों में बुरी तरह से संघा कर रहा है, जबकि सीजन की शुरुआत में टीम की सफलता में इसी टॉप ऑर्डर का अहम योगदान था। प्रियांश ने अपनी पिछली सात पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है, और पिछले मैच में वे बिना कोई रन बनाए (डक पर) आउट हो गए थे। प्रभसिमरन भी अपनी पिछली पांच पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बना पाए हैं, जबकि कॉनली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। कप्तान अय्यर-जो सीजन की शुरुआत में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक थे-की फॉर्म में भी हार के इस सिलसिले के दौरान गिरावट आई है, पिछली छह हार वाले मैचों में वे सिर्फ एक बार ही पचास का आंकड़ा पार कर पाए हैं। पंजाब का मिडिल ऑर्डर-जिसने दिल्ली के खिलाफ उस मशहूर जीत में अहम भूमिका निभाई थी-भी अपनी लय खो चुका है, जबकि उनका गेंदबाजी आक्रमण अहम मौकों पर रनों को रोकने में संघा करता नजर आया है। खराब फील्डिग और छूटे हुए कैचों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इस बीच, लखनऊ सुपर जायंट्स अपने पिछले 10 मैचों में से सिर्फ दो मैच जीतने के बाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। पिछले मैच में उन्हें राजस्थान रॉयल्स के हाथों सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जहां युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने अपनी शानदार पारी से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। फिर भी, एलएसजी को एकाना स्टेडियम में अपने हालिया घरेलू प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिलेगा, जहां उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने पिछले दो मैच जीते थे।

## अशिमता चालिहा की हार के साथ भारत की चुनौती समाप्त

**कुआलालंपुर, वार्ता।** कुआलालंपुर में चल रहे मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती शुक्रवार को महिला सिंगल्स के क्वार्टर-फाइनल में अशिमता चालिहा की हार के साथ समाप्त हो गई।

चालिहा को डेनमार्क की पूर्व यूरोपीय गेम्स चैंपियन लाइन कजर्सफेल्ट ने हराया। बैडमिंटन रैंकिग में 71वें स्थान पर मौजूद चालिहा ने पहला गेम जीता, लेकिन आखिरकार 61 मिनट चले इस मैच में वह 23वें स्थान पर मौजूद अपनी प्रतिद्वंद्वी से 21-23, 21-18, 21-11 से हार गईं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआत में मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और पहले गेम के ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। हालांकि, लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया, लेकिन अशिमता चालिहा ने मैच के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखा और अपने तीसरे गेम-पॉइंट के मौके पर पहला गेम अपने नाम कर लिया। लेकिन, दूसरे गेम में मैच का रुख बदल गया। अशिमता ने एक बार फिर शानदार शुरुआत करते हुए 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी करते हुए गेम के ब्रेक तक स्कोर का अंतर घटाकर सिर्फ एक अंक का कर दिया। डेनमार्क की इस शटलर ने स्कोर 13-13 से बराबर किया और लगातार चार अंक हासिल करते हुए 18-15 की बढ़त बना ली, जिसके बाद उन्होंने यह गेम भी जीत लिया। शुरुआत में मुकाबला बराबरी का रहने के बाद, निर्णायक गेम पूरी तरह से एकतरफा हो गया। जब स्कोर 4-4 से बराबर था, तब लाइन कजर्सफेल्ट ने लगातार चार अंक हासिल करते हुए 8-4 की बढ़त बना ली। अशिमता ने कुछ देर के लिए स्कोर का अंतर घटाकर 8-6 किया, लेकिन लाइन ने लगातार पांच अंक हासिल करते हुए अपनी बढ़त को 13-6 तक पहुंचा दिया और आसानी से यह मैच जीत लिया। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह दूसरी भिड़ंत थी। लाइन केयर्सफेल्ट ने थाईलैंड मास्टर्स 2023 में भी अशिमता को तीन गेम में हराया था। इससे पहले, राउंड ऑफ 16 में, अशिमता चालिहा ने मलेशिया की गोह जिन वेई को सीधे गेम में हराया था।

## 84 रन बनाकर सुदर्शन ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा





**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (जीटी) का दबदबा ऑरेंज कैप की सूची में पूरी तरह दिखाई दे रहा है और विकेट लेने वालों की तालिका में भी काफी हद तक जीटी के गेंदबाज छाए हुए हैं। अहमदाबाद में जीटी की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 89 रन की बड़ी जीत के बाद आईपीएल 2026 की ऑरेंज और पर्पल कैप लीडरबोर्ड की स्थिति कुछ ऐसी है।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड इस मैच में शुभमन गिल सबसे पहले शीर्ा पर पहुंचे, जब उन्होंने 37 गेंदों में 64 रन की पारी खेली और इससे उनके इस सीजन में 616 रन हो गए। इस मैच के शुरू होने से पहले गिल के 552 रन थे, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन के नाम 554 रन थे। जैसे ही गिल ने अपनी 125 रन की ओपनिग साझेदारी में साई सुदर्शन से ज्यादा रन बनाए, ऑरेंज कैप उनके पास चली गई। लेकिन पारी खत्म होते-होते गिल फिर दूसरे स्थान पर पहुंच गए और साई सुदर्शन 53 गेंदों में 84 रन बनाकर 638 रन के साथ शीर्ा स्थान पर आ गए। इस तरह जीटी के दो बल्लेबाज, शीर्ा दो स्थानों पर हैं और तीसरे नम्बर पर हैं राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी, जिनके नाम 579 रन हैं। उनके बाद 563 रन के साथ चौथे नम्बर पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मिचेल मार्श का नाम आता है,

जबकि सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के हेनरिक क्लासेन 555 रन के साथ शीर्ा-5 को पूरा करते हैं। शुक्रवार रात एसआरएच और आरसीबी के मुकाबले के बाद यह तस्वीर फिर बदल सकती है।

क्लासेन के पास अपने रनों की संख्या को और बढ़ाने का मौका होगा, वहीं आरसीबी के विराट कोहली (542 रन) भी आगे बढ़ सकते हैं। एसआरएच के अभिोक शर्मा 507 रन के साथ आठवें और इशान किशन 490 रन के साथ नौवें स्थान पर हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार काफी आगे निकलते दिख रहे थे, लेकिन जीटी के कगिसो रबाडा ने सीएसके के खिलाफ 3 विकेट लेकर कुल 24 विकेटों के साथ भुवनेश्वर की बराबरी कर ली।

# गायकवाड़ पर लगा 24 लाख का जुर्माना




**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 66वें मैच के दौरान उनकी टीम ने धीमा ओवर-रेट बनाए रखा। चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत इस सीजन में उनकी टीम का दूसरा अपराध था पहला अपराध मैच 18 में हुआ था,

जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़े अपराधों से संबंधित है - इसलिए गायकवाड़ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्लेइंग एक्सआई के बाकी सदस्यों पर, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा, इन दोनों में से जो भी राशि कम होगी, वही लागू होगी।

### बदलाव के दौर में टीम के प्रदर्शन पर मुझे गर्व है: गायकवाड़

**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रितुराज गायकवाड़ ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत खिलाड़ियों के चोटों और तीन हार के साथ करने के टीम ने आखिरी लीग मैच तक प्लेऑफ की उम्मीद को बनाए रखा। उन्होंने कहा कि बदलाव के इस दौर में मुझे टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल सीजन का अंत 14 मैचों में छह जीत और आठ हार के साथ किया। गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद गायकवाड़ ने कहा कि वह इस टीम पर गर्व महसूस करते हैं क्योंकि यह एक बदलाव के दौर से गुजर रही टीम है। सीजन के आखिरी हिस्से में लगी चोटें, खासकर तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन और रामकृण घोा की गैरमौजूदगी टीम को उस समय पीछे ले गई, जब उन्होंने अच्छी लय पकड़ ली थी। उन्होंने कहा कि हमारी शुरुआत बेहद मुश्किल रही थी क्योंकि हमें लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद जब हमें मोमेंटम मिला, तब खिलाड़ियों को सही जगह पर खिलाना, सही कॉम्बिनेशन बनाना, यह सब कुछ काम करने लगा। फिर लगातार कुछ चोटें लगीं, जिससे हमें फिर नुकसान हुआ। विशोकर जेमी और एक अन्य ऑलराउंडर रामकृण घोा की कमी ने हमारी प्लेइंग 11 को अस्थिर कर दिया। आखिरी तीन मैचों में हम या तो एक बल्लेबाज कम खेल रहे थे या हमारे पास एक गेंदबाज कम था। बहुत लोग इस बात को नहीं मानते कि हम एक युवा टीम हैं और बदलाव के दौर में हैं। विशोकर इतनी कठिन प्रतियोगिता में, हमारे पास इतने अनुभवी खिलाड़ी नहीं हैं। लेकिन यह भी सच है कि हमारी टीम में आठ से दस खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने 20 से भी कम मैच खेले हैं। ऐसे में इस साल उन्हें जो अनुभव मिला, वह बेहद अहम है। हमें यह समझ आया कि हमारी कमी कहां है, लेकिन फिर भी छह जीत हासिल करना और कुछ शानदार जीत दर्ज करना, इस यूनिट पर गर्व करने वाली बात है।

## बड़े खिलाड़ी लौटे, पाक ने ऑस्ट्रेलिया वनडे के लिए मजबूत टीम चुनी

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्ईय टीम की शुक्रवार को घोाणा की।

शाहीन अफरीदी टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें कई बड़े नाम वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। बाबर आजम, शादाब खान, नसीम शाह, हारिस रऊफ और साथ ही सुफियान मुकीम, जो बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में नहीं खेले थे, इस लिस्ट का हिस्सा हैं। हालांकि, मोहम्मद रिजवान, जिनका पीएसएल में प्रदर्शन खराब रहा था, उन्हें टीम से बाहर रखा गया है। टीम में तीन ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने अभी तक वनडे फॉर्मेट में डेब्यू नहीं किया है: अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास और रोहेल नजीरद्ध इन सभी ने पहले ही टी 20 मैच खेले हैं। पीसीबी के बयान के अनुसार, उस्मान खान को बीमारी के कारण चयन के लिए नहीं चुना गया, जबकि मोहम्मद गाजी घोरी और नजीर दो मुख्य विकेटकीपर होंगे। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को इस्लामाबाद में एक ट्रेनिग कैंप के लिए इकट्ठा होगी। फखर जमान और सईम अयूब को भी पिछली चोटों के कारण चयन के लिए नहीं चुना गया और वे पीसीबी मेडिकल पैनल की देखरेख में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया 23 मई को पाकिस्तान पहुंचेगा।

## चर्चाओं में अभिजीत

एक्स पर बैन के बावजूद कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके चुप होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पेज बनाने के सात दिन बाद वह पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए हैं। इस पॉजिशन में उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। इस पिटीशन में लोगों से विशेषकर युवाओं से साइन करने के लिए कह रहे हैं। ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सकें। ऐसा कम ही होता है कि कोई व्यक्ति कुछ ही दिनों में जीरो से हीरो बनने की तरफ अपना सफर तय करे। जिस तरह अभिजीत दीपके के इस आइडिया पर फॉलोवर्स जुड़े हैं वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। इतने फॉलोवर्स तो भाजपा व कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित पार्टियों के पास भी नहीं हैं। फॉलोवर्स का यह आंकड़ा मात्र छह दिन में ही दो करोड़ के पास पहुंच गया है और यह सिलसिला बराबर जारी है। यहीं इस तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। अभिजीत दीपके के माता-पिता अपने पुत्र की लोकप्रियता से सहमे भी दिखाई दे रहे हैं और अपने बयान में अपने पुत्र को यह नसीहत देते दिखाई दे रहे हैं कि उनको राजनीति से दूर ही रहना चाहिए। उनके माता-पिता को डर है कि कहीं उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ जाए। अभिजीत दीपके के पिता भगवान ने एक मराठी न्यूज चैनल को बताया कि वह अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते थे। उसकी प्रसिद्धि से हमारी रातों की नींद उड़ी हुई है। भगवान ने साफ कहा कि आज का माहौल देखकर डर लगना स्वाभाविक है, अपने इंटरव्यू में वह यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि चाहे उनके पुत्र के कितने भी फॉलोवर्स क्यों न हों। अभिजीत ने खुद भी भारत लौटने पर गिरफ्तार होने का डर जाहिर किया है। उनकी माता के भी ऐसे ही विचार हैं वह नहीं चाहती कि उनका पुत्र राजनीति में आए और किसी पचड़े में पड़े। माता के अनुसार उनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और वह चाहती हैं कि उनका पुत्र कोई नौकरी कर ले। अब सवाल यह है कि अभिजीत के माता-पिता के डर को किस रूप में लिया जाए। आखिर एक लोकतांत्रिक देश में डरने की वजह क्या हो सकती है। लोकतांत्रिक देश का मतलब ही यह होता है कि जहां लोग खुलकर अपनी राय रख सकें, चाहे कोई इससे सहमत हो या असहमत। अभिव्यक्ति पहली प्राथमिकता होती है, लेकिन उसके माता-पिता का डर बता रहा है कि भले ही चाहे हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, लेकिन खुलकर अपनी आवाज को उठाना अभी भी इतना आसान नहीं है। विशेषकर सरकार को लेकर। इस तरह का वातावरण नहीं होना चाहिए और इस पर सरकार को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि उसके क्रियाकलापों से देश के भीतर किस तरह का संदेश जा रहा है।

# काला सोना या देश का हरा भविष्य?





प्रो. आर.के. जैन

ऊर्जा और विकास की जटिल धारा में बहता सिंगरौली आज फिर सुर्खियों के शिखर पर है। यह वही क्षेत्र है जहां कोयले की परतों के नीचे आर्थिक आकांक्षाएं और पर्यावरणीय प्रश्न साथ-साथ सांस लेते हैं। 21 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने अजय दुबे की याचिका विलंब के आधार पर खारिज की, जिसमें अडानी समूह की महान एनर्जन लिमिटेड (धीरौली कोल ब्लॉक) की वन/पर्यावरण मंजूरी को चुनौती दी गई थी। यह आदेश केवल न्यायिक प्रक्रिया की औपचारिकता नहीं, बल्कि विकास की रफ्तार और नीति-स्थिरता को नई दिशा देने वाला संकेत भी है। कोयला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध यह इलाका अब एक बार फिर राष्ट्रीय ऊर्जा विमर्श के केंद्र में मजबूती से उभर आया है, जहां भविष्य की राह अब अधिक स्पष्ट दिखाई देने लगी है।

कानूनी अनिश्चितता की परत हटते ही परियोजना के लिए स्थिरता का नया आधार तैयार हो गया है, जो बड़े निवेश और खनन गतिविधियों को गति देता है। सुप्रीम कोर्ट ने समयबद्ध न्याय व्यवस्था का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि देरी से दाखिल याचिकाएं विकास की प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकतीं। इसी संदर्भ में सिंगरौली की यह परियोजना राष्ट्रीय ऊर्जा ढांचे में एक मजबूत कड़ी बनती दिखाई दे रही है। बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच यह निर्णय वर्तमान मांगों को संभालते हुए भविष्य की दिशा भी निर्धारित करता है। यह फैसला न्याय और विकास के बीच संतुलन का सशक्त उदाहरण है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। धीरौली कोल ब्लॉक की अधिकतम उत्पादन क्षमता 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (6.5 एमटीपीए) निर्धारित है, जिसमें मुख्य रूप से ओपन-कास्ट खनन शामिल है। इस कोयला उत्पादन से अडानी पावर की बिजली उत्पादन श्रंखला मजबूत होने की उम्मीद है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए यह परियोजना बिजली आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने, उत्पादन लागत को नियंत्रित करने और औद्योगिक विकास को गति देने में सहायक सिद्ध हो सकती है। आधुनिक खनन प्रौद्योगिकी के उपयोग से न केवल उत्पादकता बढ़ेगी बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।

इस परियोजना से मध्य प्रदेश में आर्थिक संभावनाओं का विस्तार होने की संभावना है। स्थानीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे सिंगरौली और आसपास के क्षेत्रों में बेरोजगारी दर कम करने में मदद मिलेगी। छोटे-मध्यम उद्योगों, ट्रांसपोर्ट, होटल, दुकानों और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार को रॉयल्टी, टैक्स और अन्य मदों से पर्याप्त राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास को भी गति मिलेगी। विकास की दौड़ जितनी तेज हो रही है, पर्यावरणीय चेतावनी उतनी ही स्पष्ट और गंभीर स्वर में सामने खड़ी है। सिंगरौली की धरती पहले से ही कोयला खनन के दबाव तले संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती रही है। वन भूमि का घटता दायरा, वृक्षों की कटाई और जैव विविधता पर बढ़ता संकट अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आधुनिक तकनीकों जैसे धूल नियंत्रण प्रणाली, जल पुनर्चक्रण और उन्नत प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया जाए, तो पर्यावरणीय क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही अनिवार्य वनरोपण, मिट्टी संरक्षण और जल स्रोतों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है। किसी भी बड़े विकास की असली कसौटी उसकी सामाजिक स्वीकार्यता और स्थानीय भागीदारी होती है। यह परियोजना भी केवल आर्थिक या तकनीकी सफलता पर नहीं, बल्कि समुदायों के समावेशन पर निर्भर करेगी। प्रभावित क्षेत्रों के हजारों परिवारों के लिए पुनर्वास और उचित मुआवजा जरूरी है। वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उनकी आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। कौशल विकास के जरिए स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करना और उन्हें प्राथमिकता देना भी आवश्यक है।

जब समुदाय विकास का हिस्सा बनेगा, तभी यह परियोजना वास्तव में टिकाऊ और स्वीकार्य होगी। न्यायिक निर्णयों की दिशा में यह फैसला एक स्पष्ट संदेश छोड़ता है कि प्रक्रिया में अनावश्यक देरी विकास की गति को रोक नहीं सकती। याचिका को विलंब के आधार पर खारिज करना इस बात का संकेत है कि बड़े प्रोजेक्ट लंबे कानूनी ठहराव में नहीं फंसाए जा सकते। यह निर्णय आने वाली परियोजनाओं के लिए एक मजबूत मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है। साथ ही यह भी अपेक्षित है कि विकास कार्य पर्यावरणीय मानकों और सामाजिक दायित्वों का सख्ती से पालन करें। कानून का वास्तविक उद्देश्य अनुमति के साथ-साथ संतुलन स्थापित करना भी है। सतत विकास आज विकास की दिशा तय करने वाला सबसे निर्णायक सिद्धांत बन चुका है।

## श्रीमुख से...

### मेहनतकशों का जीवन अति कष्टदायी बना



सरकार को बिजली संकट से आमजन को निजात दिलाने के त्वरित उपाय करने चाहिए, बिजली संकट से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदायी बन गया है, उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों को लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं, जिसकी चर्चा समाचार माध्यमों में भी काफी व निरन्तर रहती है, सरकार बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जरूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे, साथ ही, नए बिजलीघर के माध्यम से भी आगे के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर,
पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# खरीफ सीजन से पहले उर्वरक संकट बढ़ा



खरीफ सीजन के नजदीक आते ही देशभर में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। कई राज्यों के किसान धान, मक्का, कपास और गन्ने जैसी फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों की समय पर आपूर्ति को लेकर परेशान हैं। भारत में कृषि करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है, इसलिए उर्वरकों की कमी सीधे फसल उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करती है। भारत दुनिया में उर्वरकों का सबसे बड़ा उपभोक्ता देशों में से एक है। देश में यूरिया का उत्पादन बड़े स्तर पर होता है, लेकिन मांग को पूरा करने के लिए अब भी काफी मात्रा में आयात करना पड़ता है। वहीं पोटाश की बात करें तो भारत लगभग 90 प्रतिशत पोटाश विदेशों से आयात करता है। यह अधिक आयात निर्भरता भारतीय कृषि को वैश्विक कीमतों, आपूर्ति संकट और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों पर निर्भर बना देती है। पिछले कुछ वर्षों में ईंधन और परिवहन लागत बढ़ने के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। सरकार किसानों को 45 किलो यूरिया की बोरी लगभग ҕ270 की सब्सिडी दर पर उपलब्ध कराती है, लेकिन कमी के समय कई किसानों को यही बोरी काले बाजार में ҕ400 से ҕ700 तक में खरीदनी पड़ती है।

इसका सबसे अधिक असर छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीभी कई बार उर्वरकों में आयात निर्भरता कम करने और नैनो यूरिया, जैविक खाद तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने की बात कर चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि भारत उर्वरकों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाए और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाए, तो यह कृषि क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। यदि हम अभी से सही कदम उठाते हैं, तो इसका लाभ केवल खरीफ ही नहीं बल्कि रबी सीजन की फसलों को भी मिलेगा। इससे किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध होंगे, खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और भारतीय कृषि अधिक आत्मनिर्भर बन सकेगी।

**-साक्षी रोहिल्ला,**
**अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर**

## क्या है भारत में विद्या व विद्यार्थियों का भविष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारा देश से की जा रही श्मन की बातश के 131वें एपिसोड में गत 22 फरवरी 2026 को छात्रों से श्परीक्षा पे चर्चाश की थी। अपने इस संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिए गए श्उपदेशोंश में कहा कि ष्अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। शिक्षा जीवन को संवारने का एक माध्यम है, जबकि परीक्षा केवल आत्म-मूल्यांकन का जरिया है। उन्होंने छात्रों से परीक्षा को किसी बड़े बोझ या हौवे के रूप में देखने के बजाय इसे एक उत्सव की तरह मनाने की अपील की थी। पढ़ाई, आराम, शारीरिक खेलकूद और अपने शौक के बीच एक सही संतुलन बनाने को जरूरी बताया था। मोदी ने छात्रों को सलाह दी थी कि कुछ छात्र रात में पढ़ना पसंद करते हैं तो कुछ सुबह जल्दी, अपनी इसी मूल शैली पर विश्वास रखें। उन्होंने छात्रों को यह सलाह भी दी कि वे अपने मन की चिंताओं को अपने माता-पिता और परिवार के साथ खुलकर साझा करें, जिससे मानसिक तनाव कम होता है। अभिभावकों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा था कि माता-पिता को बच्चों पर उनकी इच्छा के विरुद्ध विशिष्ट करियर चुनने का दबाव नहीं बनाना चाहिए। हर बच्चा अपने आप में अनूठा होता है। इसी तरह उन्होंने शिक्षकों को भी सलाह दी कि उन्हें छात्रों की सीखने की गति को समझना चाहिए और उनके लिए ऐसे लक्ष्य तय करने चाहिए जो पहुंच में हों लेकिन जिन्हें प्राप्त करने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़े। प्रधानमंत्री के उपरोक्त कथन में यह बात पूरी तरह विरोधाभासी है कि ष्अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। क्योंकि आज के दौर में एडमिशन, वरीयता सूची, श्रेणी निर्धारण आदि हर जगह अंक प्रतिशत की ही होड़ लगी हुई है। परन्तु पीएम ने इन्हीं छात्रों को कभी यह नहीं बताया कि यदि आपकी जी तोड़ मेहनतों के बाद परीक्षा के पर्चे लीक हो जाएं व परीक्षा ही स्थगित कर दी जाए तो आखिर छात्रों को ऐसे सदमे से कैसे उबरना चाहिए।

**-निर्मल रानी**

# गन्ना अधिनियम 2026 पर टिप्पणी एवं सुझाव



सुबोध कुमार राजपुर

भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित गन्ना अधिनियम 2026 का उद्देश्य चीनी उद्योग, एथेनॉल उत्पादन तथा किसानों के भुगतान तंत्र को आधुनिक बनाना है। यह अधिनियम पुराने कानूनों में सुधार कर नई तकनीक और उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार व्यवस्था बनाने का प्रयास है हालांकि इस अधिनियम में शुगर रिकवरी आधारित मूल्य निर्धारण का प्रावधान किसानों के हित में पूर्ण रूप से उचित नहीं माना जा सकता।

वर्तमान समय में गन्ना केवल चीनी उत्पादन का स्रोत नहीं रह गया है बल्कि इससे एथेनॉल, बिजली उत्पादन, पेपर उद्योग के लिए अवशेष, बायो फ्यूल तथा अन्य कई बायो प्रोडक्ट भी तैयार किए जाते हैं।

यदि किसी गन्ने में शुगर रिकवरी कम होती है तो उसमें अवशेष एवं अन्य पदार्थ अधिक मात्रा में प्राप्त होते हैं। जिनका औद्योगिक उपयोग और आर्थिक मूल्य भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए केवल शुगर रिकवरी के आधार पर किसानों को मूल्य देना उचित नहीं है। यदि रिकवरी आधारित कानून लागू करना आवश्यक हो तो गन्ने से बनने वाले सभी उत्पादों और उनके आर्थिक मूल्य को भी गणना में शामिल किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त गन्ने में चीनी की रिकवरी बढ़ाने में पोटाश एवं मैग्नीशियम की सीधी और महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह भी समझना आवश्यक है कि लगभग 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन लेने पर फसल मिट्टी से लगभग 250 किलोग्राम पोटाश ग्रहण करती है।

यदि इस 250 किलोग्राम पोटाश की कीमत बाजार में उपलब्ध मोप के आधार पर गणना की जाए तो इसकी लागत लगभग 8750 रुपये या उससे अधिक बैठती है अर्थात किसानों की भूमि में मौजूद पोषक तत्वों का उपयोग चीनी मिल मालिकों एवं उद्योगों द्वारा वर्षों से किया जाता रहा है लेकिन किसानों को उसका वास्तविक मूल्य कभी नहीं दिया गया। जब मिट्टी में पुन: पोषक तत्व डालने और उर्वरकों पर खर्च करने की बारी आती है तब रिकवरी आधारित भुगतान की बात की जाती है।

यह व्यवस्था किसानों के साथ न्यायसंगत नही कही जा सकती। बायो प्रोडक्ट उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। नई तकनीकों और उपयोगों के कारण गन्ने का औद्योगिक महत्व हर वर्ष बढ़ रहा है। इसलिए यह कानून स्थाई रूप से न बनाकर प्रत्एक 10 वर्ष बाद पुन: समीक्षा और संशोधन के साथ लागू किया जाना चाहिए। रिकवरी आधारित मूल्य निर्धारण किसानों के शोषण का कारण बन सकता है। वर्तमान व्यवस्था में कई मामलों में यह निर्णय उद्योगों और बाजार की आवश्यकता के अनुसार चलता है। यदि रिकवरी वास्तव में उद्योग के लिए हानिकारक होती तो देश में चीनी मिलों की संख्या लगातार ना बढ़ती और नई मिलें स्थापित करने की योजनाएं न बनती। अत: गन्ना अधिनियम 2026 बनाते समय किसानों के हितों की रक्षा, गन्ने से बनने वाले सभी उत्पादों का आर्थिक मूल्यांकन, मिट्टी की उर्वरता की वास्तविक लागत तथा उद्योग और किसानों के बीच संतुलित व्यवस्था को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



# अमेरिका ने ताइवान को बेचे जाने वाले हथियारों पर लगाई रोक

■ ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण के चलते वाशिंगटन का अहम फैसला

**वाशिंगटन।** ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण अमेरिका ने ताइवान को बेचे जाने वाले 14 अरब डॉलर के हथियारों के सौदे पर फिलहाल रोक लगा दी है।

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) के अनुसार, अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने सीनेट की सुनवाई के दौरान इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि ईरान युद्ध के लिए अमेरिका के पास पर्याप्त गोला-बारूद सुरक्षित रहे। काओ ने स्पष्ट किया कि जैसे ही प्रशासन को सही लगेगा, विदेशी सैन्य बिक्री की इस प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। कार्यवाहक सचिव ने हालांकि, यह भी माना कि इस संबंध में उन्होंने अभी तक ताइवान के अधिकारियों से कोई बातचीत नहीं की है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कुछ ही दिनों पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी। इस बैठक के बाद ट्रम्प ने ताइवान को हथियारों की बिक्री पर कोई ठोस प्रतिबद्धता नहीं दिखाई थी। महीनों से राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहे इस भारी-भरकम सुरक्षा पैकेज में लॉकहीड मार्टिन के पीएसी-3 एयर डिफेंस मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली आधुनिक मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं। दूसरी ओर, इस बड़े फैसले से ताइवान पूरी तरह अनजान नजर आ रहा है।

# भारत-साइप्रस ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया

## दोनों देशों में सहमति बनी है, साइप्रस भारत में निवेश को दोगुना करेगा: प्रधानमंत्री

■ दोनों देशों ने साइबर और समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद रोधी सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया है: पीएम
■ भारत और साइप्रस ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए भी समझौते किए हैं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि साइप्रस भारत और समूचे यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण 'निवेश द्वार' के रूप में उभर रहा है और इसे देखते हुए हमने अपने संबंधों को सामरिक साझेदारी में बदलकर संबंधों को सहयोग से सह-निर्माण तक,और साझेदारी से साझा समृद्धि तक ले जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों में सहमति बनी है कि साइप्रस भारत में निवेश को दोगुना करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने साइबर और समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद रोधी सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार की जरूरत पर भी बल दिया है। साथ ही भारत और साइप्रस ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए भी समझौते किए हैं। दोनों पक्षों ने हिन्द प्रशांत महासागर और भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी महत्वपूर्ण पहलों के माध्यम से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए भी साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। मोदी ने भारत की तीन दिन की यात्रा पर आए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ शुक्रवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में, साइप्रस से भारत में निवेश बध्कर लगभग दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ने और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से तमाम नई संभावनाएं बनी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका लाभ उठाते हुए कि हम अगले पांच वर्षों में इस निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य रख रहे हैं। और इस संकल्प को साकार करने के लिए, आज हम अपने विश्वसनीय संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और साइप्रस के बीच यह साझेदारी दोनों देशों के वित्तीय और सेवाओं को जोड़कर, वाणिज्य के लिए पूंजी लाएगी। यह साइप्रस के अवसंरचना, ऊर्जा, और कृषि क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसर प्रदान करेगी। इससे भारत के तेजी से बढ़ रहे नौवहन और समुद्री क्षेत्रों में नया निवेश भी आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम साइप्रस के साथ मिलकर, गिफ्ट सिटी को एक ग्लोबल फाइनैन्शल और सर्विसे हब बनाने के विघ्न को गति देंगे। और दोनों देशों के इनोवेशन और स्टार्ट-अप एकोसिस्टम के बीच कनेक्ट बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच मिलिटरी एक्सचेंज और ट्रैनिंग सहयोग बढ़े है। आज हमने साइबर सिक्युरिटी, मैरीटाइम सिक्युरिटी और काउन्टर- टेररिम सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया।

# शेख हसीना कानूनी प्रक्रिया से वापस लौटें: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहती है। यह टिप्पणी हसीना की हालिया बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने मृत्युदंड का सामना करने के बावजूद बहुत जल्द घर लौटने की उम्मीद जताई थी। हसीना अगस्त 2024 से भारत में रह रही हैं, जब छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद उनकी अवामी लीग सरकार को गिरा दिया गया था। अहमद ने पत्रकारों से कहा, हम उन्हें कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें हसीना की वापसी में कोई कानूनी बाधा नहीं दिखती, यदि वह ऐसा करना चाहें। हसीना को नवम्बर 2025 में एक न्यायाधिकरण द्वारा अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया गया था, जिसकी उनके समर्थकों ने आलोचना की थी। गृह मंत्री अहमद की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सूचना मामलों के सलाहकार जाहेदुर रहमान के बयान के एक दिन बाद आई है। जाहेदुर रहमान ने कहा था कि यदि हसीना बांग्लादेश लौटती हैं तो उनके खिलाफ कोई अतिरिक्त-न्यायिक उपाय नहीं किए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व प्रधानमंत्री को न्यायपालिका के सामने आत्मसमर्पण करना होगा।

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों से फीस वसूलेगा ईरान

## ओमान के साथ पेमेंट सिस्टम पर बातचीत जारी, होर्मुज स्ट्रेट के मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया की सीमा तय कर दी है: पीजीएसए



■ दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है
■ ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है

**तेहरान।** ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथारिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। फरवरी में अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई। इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर चर्चा शुरू की।

दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस माडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। दो ईरानी अधिकारियों के मुताबिक ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है। अमेरिका की धमकियों के बीच ईरान ने दावा किया कि उसके पास कई आधुनिक और अनटेस्टेड हथियार मौजूद हैं। ईरानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि अगली बार हमला हुआ, तो जवाब बिना किसी संयम के दिया जाएगा। ईरान युद्ध और सप्लाई संकट की आशंका के बीच ब्रेंट क्रूड 105 डालर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव और अमेरिकी तेल भंडार में गिरावट से बाजार में चिंता बढ़ी है। ईरान ने अमेरिका और इजरायल के हमले को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने जर्मन राष्ट्रपति फैंक-वाल्टर स्टाइनमायर को संबोधित सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। बघाई ने कहा कि फरवरी के अंत में ईरान पर हुआ अमेरिका-इजरायल हमला और उसके बाद का युद्ध संयुक्त राष्ट्र चार्टर का खुला उल्लंघन है। उनके मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश को मनमाने तरीके से दूसरे संप्रभु राष्ट्र पर बल प्रयोग का अधिकार नहीं देता। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर में 'आवश्यक युद्ध' जैसी किसी अवधारणा को मान्यता नहीं दी गई है और अमेरिका अपने 'मनमाने और आक्रामक फैसलों' के आधार पर किसी अन्य देश पर हमला करने का अधिकार नहीं ले सकता। ईरानी प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका-इजरायल हमले को केवल 'अनावश्यक युद्ध' कहकर कमतर नहीं आंका जा सकता। उन्होंने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का स्पष्ट उल्लंघन और 'संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई' बताया। बघाई ने कहा कि जो देश कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं, उन्हें इस हमले की स्पष्ट निंदा करनी चाहिए और जवाबदेही तय करने की मांग करनी चाहिए। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में 35 जहाज, जिनमें तेल टैंकर और कंटेनर पोत शामिल हैं, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। आईआरजीसी ने कहा कि यह आवाजाही उसकी अनुमति और समन्वय से हुई।

## होर्मुज में शुल्क लगाने की व्यवस्था को स्वीकार न करे विश्व समुदाय: अमेरिका

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को कहा कि संघर्ष रोकने के लिए ईरान के साथ जारी बातचीत में थोड़ी प्रगति हुई है। हालांकि, उन्होंने एक बार फिर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगियों के रुख नाराजगी जताई। रुबियो ने स्वीडन में नाटो के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, वार्ता में मामूली प्रगति हुई है। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो सहयोगियों के रुख को लेकर निराश हैं। हेलसिंगबर्ग में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान रुबियो ने कुछ मामूली प्रगति हुई है। मैं इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताना चाहता। थोड़ी हलचल जरूर हुई है और यह अच्छी बात है। अमेरिका की मुख्य रणनीतिक मांगों पर रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन का रुख अब भी साफ है। अमेरिका चाहता है कि तेहरान अपनी परमाणु महत्वकांक्षाएं रोके और बिना बाधा के समुद्री मार्गों पर आवाजाही जारी रहे।



वाराणसी। बकरीद (ईद-उल-अज़हा) के त्योहार से पहले पशु बाजार में बकरा खरीदने के बाद उसको गोद में उठाकर ले जाता एक बच्चा।

# हमजा बुरहान की हत्या का आरोपी हथियार समेत गिरफ्तार

■ दो संदिग्ध फरार पुलवामा हमले में शामिल था बुरहान, इस्लामाबाद में दफनाया गया

**इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या के मामले में मुजफ्फराबाद के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने अब्दुल्ला कमाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अब्दुल्ला कमाल पाकिस्तान के वाह कैंट का रहने वाला है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हत्या में इसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। दो अन्य संदिग्ध मौके से भाग निकले। आरोपी अब्दुल्ला कमाल की फोटो भी सामने आई है। हमजा बुरहान 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शामिल था। जिसमें सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। हमजा बुरहान को इस्लामाबाद के फातिमा स्कूल में दफनाया गया। भारत ने 2022 में उसे यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। वह अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी सहयोगी माना जाता था। उसके पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी करीबी संबंध थे। सरकार के मुताबिक, अर्जुमंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान उर्फ डाक्टर पुलवामा के रत्नीपोरा इलाके का रहने वाला था। 23 साल का हमजा, आतंकी संगठन अल बद्र से जुड़ा हुआ था। अल बद्र को सरकार ने आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है। वह कानूनी तरीके से पाकिस्तान गया था। वहां जाकर वह अल बद्र में शामिल हो गया और बाद में संगठन का सक्रिय आतंकी और कमांडर बन गया।

# ईरान कर सकता है अचानक इजरायल पर हमला

■ अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर को लेकर चल रही बातचीत के बीच खौफ में नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायल को अंदेशा है कि ईरान उस पर और खाड़ी देशों पर अचानक मिसाइल और ड्रोन से हमला कर सकता है। यह डर ऐसे समय में जताया गया है जब अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है।

'जेरूसलम पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया अधिकारियों ने इस संभावित खतरे की जानकारी दी है। इस खतरे को देखते हुए इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सुरक्षा हालात की समीक्षा की है। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि ईरान कूटनीतिक कोशिशों के पूरी तरह नाकाम होने से पहले ही हमला करने की कोशिश कर सकता है। अधिकारियों ने इस संभावित हमले की तुलना 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' के शुरुआती चरणों से की है। वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच कुछ मतभेदों की खबरें भी आई हैं। इसके बावजूद, दोनों देशों की सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इजरायली वायुसेना और आईडीएफ के अधिकारी अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वे ईरान की संदिग्ध सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल जमीर लगातार अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं ताकि हमले की स्थिति में मिलकर जवाब दिया जा सके। पिछले एक महीने में अमेरिका से इजरायल आने वाले सैन्य सामान की सप्लाई में काफी तेजी आई है। दोनों देशों ने मिलकर मिसाइलों को रोकने वाले सिस्टम, तकनीक और साफ्टवेयर को और भी बेहतर बनाया है। श्वल्लाश की एक रिपोर्ट के अनुसार, खतरों की पहचान करने और उन्हें हवा में ही नष्ट करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक समीक्षा की गई है।

# होंडुरास में छह पुलिसकर्मियों समेत 25 लोगों की हत्या

**ट्रूजिलो नगर।** मध्य अमेरिकी देश होंडुरास से एक बेहद खौफनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां हथियारबंद बदमाशों ने दो अलग-अलग जगहों पर अंधाधुंध गोलीबारी की है। इस भयानक हमले में कम से कम 25 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मरने वालों में पुलिस के छह जवान भी शामिल हैं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। यह खूनी खेल गुरुवार को होंडुरास के तटीय इलाकों में खेला गया। अधिकारियों के मुताबिक, पहला हमला उत्तरी होंडुरास के ट्रूजिलो नगर पालिका क्षेत्र के एक बागान में हुआ। यहां काम कर रहे कम से कम 19 मजदूरों को गोलियों से भून दिया गया। इसके बाद दूसरा हमला ग्वाटेमाला सीमा के पास ओमोआ इलाके में हुआ, जहां बदमाशों ने पुलिस टीम पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में एक वरिष्ठ अधिकारी समेत छह पुलिसकर्मियों की जान चली गई। ट्रूजिलो का इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और यहां दशकों से जमीन और खेती को लेकर खूनी संघर्ष चलता आ रहा है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RADHA KRISHNA SR. SEC. PUBLIC SCHOOL, AMROHA
Affiliated to CBSE Delhi | Affiliation No. : 2130347
HIGHLIGHTS OF CBSE RESULT CLASS X & XII (2025-26)
Our Achievers
CLASS X
Raghav Rajput 98%, Arpit Mathur 97%, Hasnain Ali 94%, Priyanshi Chaudhary 93%, Lakshaya Kaushik 92%
Ramansh Tyagi 91%, Ahil Ali 91%, Ishmita Singh 90%, Prashant Kumar 90%
CLASS XII
Kanika Saini 96% Commerce, Daksh Kumar 96% Science, Mayank Chaudhary 93% Science, Jatin rana 93% Science, Shraiyanshi Trivedi 92% Science, Siiya Gera 92% Commerce
Tushar Sirohi 92% Science, Anishant 92% Science, Kartik Chauhan 92% Science, Shivi Agarwal 91% Commerce, Amrita 91% Humanities
CLASS XII ACHIEVERS
Student's Scored 90+ in English: Shreyanshi (99), Dhairya Agarwal (96) Dhairya Chaudhary (96), Jatin Rana (95) Kanika Saini (95), Mayank Chaudhary (94) Siya Gera (94), Zaib Noor (94), Aryan Kumar (92) Emira Hashmi (92), Fareha (92), Kartik Chauhan (92) Anushka Verma (92), Amrita (92), Sabiha (91), Tushar (91) Anshika Yadav (90), Parth Saxena (90), Daksh Kumar (90)
Student's Scored 90+ in Maths: Anishant (92), Kartik Chauhan (91)
Student's Scored 90+ in Accountancy: Kanika Saini (96), Shivi Agarwal (95) Siya Gera (94)
Student's Scored 90+ in B. Studies: Kanika Saini (96), Siya Gera (94)
Student's Scored 90+ in IP: Jatin Rana (99), Kanika Saini (94) Vedant Gupta (94) Aryan Kumar (91)
Student's Scored 90+ in Chemistry: Jatin Rana (97), Kartik Chauhan (95) Mayank Choudhary (95), Tushar Sirohi (95), Daksh Kumar (93)
Student's Scored 90+ in Biology: Daksh Kumar (99),
Address : Kailsa Road Amroha - 244221 (U.P.) Call : 09837097452, 09837127111
E-Mail : rkpschool@gmail.com https://www.facebook.com/RkpsSchoolAmroha www.rkpschool.com